


# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 24 जून 2026




## सोना 3000 रुपए टूटा चांदी 10500 गिरी

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 3,000 रुपए टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी 10,500 रुपए लुढ़ककर दो महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई। दो महीने से ज्यादा समय में इसका सबसे निचला स्तर है। चांदी तीन अप्रैल को 2,37,000 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रही थी।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


### शराब में सुहागा मिलाकर पिलाता था और उसे लेकर अस्पताल भी जाता था आरोपी

# थोड़ी रंजिश, थोड़ा विवाद...और कांड बड़ा, साइको किलर ने एक-एक कर आठ को मार डाला

**बलौदाबाजार जिले से बीते दिनों एक बेहद अजीबो-गरीब और खौफनाक मामला सामने आया था, जिसमें कसडोल थाना क्षेत्र के खर्वे गांव में पिछले चार महीनों से हो रही रहस्यमयी मौतों के पीछे छिपे 'साइको किलर' का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पुरानी रंजिश, शक, अंधविश्वास, कर्ज और मामूली विवादों के चलते एक ही शख्स ने गांव के 8 लोगों को अपनी सनक का शिकार बना डाला। इस घटना के मुख्य आरोपी राम सहाय जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बेहद शातिराना अंदाज में लोगों को शराब में सुहागा (जहर) मिलाकर पिलाता था और उनकी मौत के बाद खुद उनके कफन-दफन में भी शामिल होता था। इस पूरे मामले का खुलासा ▶▶| शेष पेज 7 पर


आरोपी



### कुत्ते पर किया था जहर का परीक्षण

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने पहले एक कुत्ते पर जहर का परीक्षण किया। जब उसे सफलता मिली तो उसने अपने परिचित ग्रामीणों को एक-एक कर निशाना बनाना शुरू कर दिया। वह शराब में सुहागा (जहरीला पदार्थ) मिलाकर लोगों को पिलाता था, जिससे उनकी मौत हो जाती थी।



### एक-एक कर बनाए इन 8 लोगों को शिकार

- 6 फरवरी: बद्री पटेल – गाली-गलौज और शराब को लेकर विवाद।
- 20 फरवरी: बुठालु साहू – समाज को गाली देने और चुनावी विवाद का बदला।
- 12 मार्च: छत्तु साहू – पत्नी पर बुरी नजर रखने के संदेह में हत्या।
- 20 मार्च: बुधराम जायसवाल – जमीन और सामाजिक रंजिश।
- 31 मार्च: विनोद कुमार साहू – लगातार अपमान और गाली-गलौज का बदला।
- 28 अप्रैल: गजानंद मांझी – आरोपी को संदेह था कि वह उस पर बैगा-गुनिया और टोना करता है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कैबिनेट में वीबी-जी राम जी योजना के प्रारूप का अनुमोदन

# ग्रामीण परिवारों को अब 125 दिन रोजगार की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी योजना छत्तीसगढ़ के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। भारत सरकार के अधिनियम, 2025 के अनुरूप लागू की जा रही इस योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिवस अकुशल श्रम आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। सरकार का यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, सशक्तीकरण, विभागीय योजनाओं के अभिसरण और डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने के लिए है। कैबिनेट ने कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति को भी मंजूरी दे दी। इस योजना ▶▶| शेष पेज 7 पर

**अटल आजीविका समृद्धि हाट से बढ़ेंगे रोजगार**



### रोजगार-स्वरोजगार बढ़ेगा

इस योजना का उद्देश्य उपलब्ध अधोसंरचना और मशीनरी का बेहतर उपयोग करते हुए स्थानीय उत्पादन, प्रसंस्करण, सेवा और विपणन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को नोडल एजेंसी तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। अटल आजीविका समृद्धि हाट के माध्यम से कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, सेवा व्यवसाय, डिजिटल तकनीक, हरित ऊर्जा तथा ग्रामीण बाजारों को नई गति मिलेगी और प्रदेश की ग्रामीण आजीविका को मजबूत आधार प्राप्त होगा।

### अब अटल आजीविका समृद्धि हाट

*मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से अटल आजीविका समृद्धि हाट योजना प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सृजन केंद्र (हथकरघा, बुनाई-सिलाई, हस्तशिल्प आदि), प्रसंस्करण इकाइयां (दलहन, तिलहन, राइस मिल, डेयरी आदि), सेवा केंद्र (कोल्ड स्टोरेज, सोलर ड्रायर, कृषि उपकरण मरम्मत, अटल डिजिटल केंद्र आदि), विपणन केंद्र तथा आपूर्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे।*

## अलका ने छुए पीएम मोदी के पैर, माधवन ने मिलाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।



भारतीय संगीत में उनके बेहतरीन योगदान के लिए अलका याग्निक को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने आते ही पीएम मोदी के पैर भी छू लिए। अभिनेता आर माधवन को भी पद्म सम्मान मिला। उन्होंने उठकर पीएम मोदी से हाथ मिलाया। ओम बिड़ला से बात की और राष्ट्रपति के पास अवॉर्ड लेने पहुंचे। माधवन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### टेलीग्राम की वापसी हटा अस्थायी प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** संदेश ऐप टेलीग्राम की सेवाएं मंगलवार को भारत में बहाल हो गईं। एक सप्ताह का सरकारी प्रतिबंध समाप्त होने के बाद सेवाएं बहाल हुईं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर दोबारा उपलब्ध हो गया, हालांकि कुछ घंटों तक यह एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध नहीं था। कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप मंगलवार सुबह चालू हो गया था, जबकि दोपहर करीब 12 बजे तक यह ऐप एप्पल के ऐप स्टोर से हटा हुआ था।



### सीयूईटी स्नातक 2026 का परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी स्नातक) 2026 के नतीजे घोषित किए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एजेंसी ने कहा, इंतजार खत्म हुआ। सीयूईटी (स्नातक) 2026 के नतीजे अब उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड का इस्तेमाल करके अपने नतीजे देख और डाउनलोड कर सकते हैं।




### 60 करोड़ की हेराफेरी आईएएस अफसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खातों से कथित रूप से 60.54 करोड़ रुपए की हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में थे। हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग और कृषि विभाग में प्रधान सचिव रहे पंकज अग्रवाल को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।









## ममता के भवानीपुर मतगणना मामले में कोलकाता हाईकोर्ट का अहम आदेश

# ‘सीसी टीवी फुटेज और ईवीएम हर हाल में रखा जाए सुरक्षित’

## बनर्जी ने हार के बाद चुनाव परिणामों को चुनौती देते हुए दायर किया है मुकदमा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भवानीपुर मतगणना मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को सख्त हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार का फुटेज डिलीट नहीं किया जाये. मंगलवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान ममता बनर्जी के वकील कल्याण बनर्जी ने अदालत से आग्रह किया कि इस मामले में शीघ्र आदेश जारी करें, वर्ना सबूत मिटने का खतरा है। कल्याण बनर्जी के इस आग्रह पर न्यायमूर्ति गौरांग कांत की अदालत ने भवानीपुर मतगणना केंद्र से सभी सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश दिया।

### कोई आरोप दायर नहीं

2026 में, ममता बनर्जी भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से शुभेंदु अधिकारी से हार गईं। शुभेंदु अधिकारी ने उस निर्वाचन क्षेत्र से 15,105 वोटों के अंतर से जीत हासिल की और मुख्यमंत्री बने। ममता ने चुनाव परिणामों को चुनौती देते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई।

### ‘12 राउंड के बाद सब कुछ बदल गया’

ममता बनर्जी के वकील कल्याण बनर्जी ने मतगणना के दिन का जिक्र करते हुए कहा- 12वें दौर तक मतगणना ठीक चल रही थी। ममता आगे थीं, फिर सब कुछ बदल गया। तृणमूल के एजेंटों की पिटाई की गई और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। इस काम में केंद्रीय बलों ने भाजपा एजेंटों की मदद ली. 13वें दौर से सब कुछ असामान्य रूप से बदल गया। सभी रिकॉर्ड सीसीटीवी कैमरों में हैं।’

### रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ शिकायत

वकील कल्याण ने यह भी दावा किया कि भवानीपुर के रिटर्निंग ऑफिसर, जो नंदीग्राम के चुनाव अधिकारी थे, को आपत्तियों के बावजूद रिटर्निंग ऑफिसर के पद पर बनाए रखा गया। बाद में उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव का पद दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के तत्कालीन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को मुख्य सचिव का पद दिया गया था।



### कल्याण ने जज से कहा- लोगों की सोच बदलिए

ममता बनर्जी के वकील ने अंतरिम आदेश के लिए अर्जी दी. उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और ईवीएम को सुरक्षित रखने का भी अनुरोध किया। कल्याण बनर्जी ने जज से कहा- लोगों की सोच बदलिए। बहुत से लोग मानते हैं कि ऐसे मामले सुलझते नहीं हैं। इस सोच को बदलिए। जल्दी आदेश दीजिए। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भवानीपुर चुनाव के मतगणना केंद्र की सभी सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश के बिना फुटेज को हटाया नहीं जा सकता. उच्च न्यायालय ने भवानीपुर की सभी ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों को भी सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई दो महीने बाद फिर होगी।

### शुभेंदु ने कहा था- ममता ड्रामेबाजी कर रहीं

*ममता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे शुभेंदु अधिकारी ने ममता के आरोपों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि ममता ड्रामेबाजी कर रही हैं और इससे चुनाव परिणाम नहीं बदलने वाला। शुभेंदु ने कहा था कि ममता हार की आशंका से परेशान हैं और ईवीएम से जुड़े आरोप निराधार हैं।*

### बंगाल में भाजपा पहली बार जीती

*पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित हुए थे। भाजपा ने 208 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को 80 सीटें मिली थीं। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।*

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को कुरियन के इस्तीफे की जानकारी दी। प्रेस रिलीज में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर उनका इस्तीफा स्वीकार किया है। हालांकि, इस्तीफे की वजह नहीं बताई गई है। 65 साल के कुरियन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर थे।

### अब आरटीआई नियमों को लेकर अनशन करेंगे अन्ना



**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी है कि आरटीआई नियमों में 12 जून को किए गए बदलाव तुरंत वापस नहीं लिए गए तो वे 5 जुलाई से अहिल्यानगर जिले के रालेगण सिद्धि में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में हजारे ने कहा कि महाराष्ट्र आरटीआई नियम, 2026 आरटीआई कानून की धार कमजोर करेंगे और नागरिकों को सूचना से दूर करेंगे। हजारे ने कहा कि सरकार को नई पाबंदियां लगाने के बजाय सरकारी विभागों में स्वैच्छिक सूचना प्रकटीकरण मजबूत करना चाहिए।

### अमेरिका : लाइब्रेरी में गोलीबारी, 2 की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में ब्यूट काउंटी लाइब्रेरी की चिको शाखा में सोमवार शाम हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गोलीबारी में एक बच्चा भी मामूली रूप से घायल हुआ है। पुलिस प्रमुख बिली एलड्रिज ने बताया कि शाम करीब 5 बजे के बाद पुलिस को 911 कॉल मिली, जिसमें लाइब्रेरी के अंदर से गोलियों की आवाज और लोगों की चीखें सुनाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के लाइब्रेरी के अंदर प्रवेश करने पर संदिग्ध पीछे के रास्ते से भाग निकला।

विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

## दो भारतीय झंडे वाले जहाज सफलतापूर्वक फारस की खाड़ी में प्रवेश कर चुके

# होर्मुज दोनों तरफ से खुला, 11 भारतीय जहाज निकले, 10 कर रहे इंतजार

*स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में यातायात फिर से दोनों दिशाओं में शुरू हो गया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पुष्टि की है कि दो भारतीय झंडे वाले जहाज सफलतापूर्वक फारस की खाड़ी में प्रवेश कर चुके हैं, जबकि 10 भारतीय झंडे वाले जहाज अब भी क्षेत्र में इंतजार कर रहे हैं। 17 जून से अब तक 11 भारत आने वाले जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार कर चुके हैं। यह खबर इसलिए राहत भरी है क्योंकि होर्मुज क्षेत्र में हाल के सुरक्षा तनाव के बावजूद भारत की ऊर्जा आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा प्रभावित नहीं हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एमईए के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय जहाजों की आवाजाही जारी है। मंत्रालय स्थिति पर नजर रखे हुए है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज मध्य पूर्व का वह संकरा समुद्री मार्ग है जिससे दुनिया का लगभग 20-25 प्रतिशत कच्चा तेल और बहुत बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस गुजरती है। मुख्य रूप से सऊदी अरब, ईरान, इराक, यूएई, कुवैत और कतर जैसे देशों का तेल इसी रास्ते से विश्व बाजार में पहुंचता है। अगर इस रास्ते में कोई रुकावट आए तो वैश्विक तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। भारत अपना 80-85 प्रतिशत तेल इसी रूट से आयात करता है। हाल के दिनों में क्षेत्र में बढ़े तनाव के कारण यातायात प्रभावित हुआ था, लेकिन अब स्थिति सामान्य होने के संकेत मिल रहे हैं।




### भारतीय जहाजों की सफल यात्रा

तीन भारतीय ध्वज वाले विशाल क्रूड ऑयल टैंकर - देश वैभव, देश विभोर और सनमार हेराल्ड सफलतापूर्वक होर्मुज पार कर चुके हैं। इनमें कुल 8 लाख 60 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चा तेल लदा है। इन जहाजों पर 94 भारतीय नाविक सवार हैं। देश वैभव गुजरात के वडिनार बंदरगाह, देश विभोर सिक्का पहुंचने वाला है, जबकि सनमार हेराल्ड 1 जुलाई को ओडिशा के पारादीप पहुंचेगा। विदेशी ध्वज वाले एक **LPG** कैरियर, एक क्रूड ऑयल टैंकर और छह बल्क कैरियर भी भारत के लिए खाद्यान्न और फर्टिलाइजर लेकर आ रहे हैं।

### उर्वरक आयात और कृषि सुरक्षा

केवल तेल ही नहीं, भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए फर्टिलाइजर आयात भी इसी मार्ग से हो रहा है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि चार जहाज यूरिया, **DAP** और सल्फर लेकर होर्मुज पार कर चुके हैं। ये जहाज आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम, काकिनाडा, ओडिशा के पारादीप और गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंच रहे हैं। खरीफ सीजन से पहले उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित होना किसानों के लिए बहुत जरूरी है।

**इंतजार कर रहे अभी इतने जहाज**

होर्मुज में यातायात बहाल होने के बावजूद 10 भारतीय जहाज अभी इंतजार कर रहे। क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पूरी तरह स्थिर नहीं हुई है, इसलिए सतर्कता बरतनी होगी। भारत को लंबे समय में घरेलू तेल उत्पादन बढ़ाने, नई ऊर्जा को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत है।

### पाक पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति, समझौते पर तेज हुई कूटनीति

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान मंगलवार को पाकिस्तान पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं और अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा, ईरान-अमेरिका वार्ता और मध्य पूर्व की स्थिति पर अहम बातचीत शुरू की। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं और दोनों देशों की टीमें युद्ध खत्म करने संबंधी संभावित समझौते के अंतिम ड्राफ्ट पर काम कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, 21 जून को स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच उच्चस्तरीय वार्ता हुई थी। इस बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने अपने-अपने देशों का नेतृत्व किया। वार्ता के बाद तकनीकी विशेषज्ञों की टीमें समझौते की शर्तों और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया पर काम कर रही हैं। माना जा रहा है कि यह समझौता मध्य पूर्व में इस साल फरवरी से जारी संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है।

# ईरानी हमलों से तंग यूएई भारत से खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइल और आकाशतीर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच भारतीय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के निर्यात पर शुरुआती चर्चा चल रही है। सूत्रों के अनुसार ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं। यह वार्ता शुरुआती चरण में है, लेकिन दोनों देश क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह सौदा भारत के रक्षा निर्यात को नई ऊंचाई दे सकता है। खाड़ी क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। जब से अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो ईरान यूएई के सार्वजनिक और मिलिट्री बेस पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किए।




### ब्रह्मोस की खासियत

ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस ने साथ मिलकर विकसित की है। यह दुनिया की सबसे तेज ऑपरेशनल सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जो 2.8 से 3 मैक स्पीड (ध्वनि की गति से तीन गुना) से उड़ सकती है। इसकी खासियत यह है कि इसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस दुश्मन के जहाजों, किलों और महत्वपूर्ण ठिकानों को सटीकता से नष्ट करने में सक्षम है। इसकी रेंज 290 से 450 किलोमीटर तक है और भविष्य में इसे और बढ़ाने की योजना है। अगर यूएई के साथ डील होती है तो यह भारत के लिए ब्रह्मोस का पहला बड़ा खाड़ी देश निर्यात होगा। हालांकि क्योंकि यह संयुक्त विकास है, इसलिए निर्यात के लिए रूस की मंजूरी जरूरी होगी।

### आकाशतीर है स्वदेशी एयर डिफेंस का आधुनिक कमांड सिस्टम

आकाशतीर भारत का स्वदेशी एयर डिफेंस कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम है। यह दुश्मन के विमानों, मिसाइलों और ड्रोनों पर नजर रखने, उन्हें ट्रैक करने और उन्हें नष्ट करने के लिए विभिन्न हथियारों को एक साथ ज्वाइंट करता है। यह सिस्टम रडार, सेंसर और कम्युनिकेशन नेटवर्क को जोड़कर रीयल-टाइम जानकारी देता है। आकाशतीर नेटवर्क सेंट्रीक वॉरफेयर का हिस्सा है, जिसमें एक सिस्टम पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को नियंत्रित करता है। यूएई की दिलचस्पी इस सिस्टम में इसलिए है क्योंकि यह आधुनिक खतरों जैसे ड्रोन स्वार्म और क्रूज मिसाइल हमलों से निपटने में बेहद प्रभावी है।

बड़ी बेटी और उसका बॉयफ्रेंड फरार

# बेंगलुरु में ट्रिपल मर्डर, माता पिता और बेटी की नृशंस हत्या

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

बेंगलुरु के केआर पुरम इलाके में एक अपार्टमेंट में एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 52 साल के सोमसुंदर, उनकी पत्नी 48 साल की मुथुलक्ष्मी और 19 साल की बेटी सुप्रिया के रूप में हुई है। माता-पिता और छोटी बेटी सोमवार शाम उस फ्लैट पर पहुंचे थे, जहां परिवार की बड़ी बेटी श्वेता और उसका बॉयफ्रेंड केनेथ रहते थे। वहीं पर तीनों के खून से लथपथ शव बरामद हुए। पुलिस को शक है कि बड़ी बेटी और उसके बॉयफ्रेंड ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया।



### तनाव की वजह

पुलिस के मुताबिक, बड़ी बेटी श्वेता पिछले दो महीने से अपने बॉयफ्रेंड के साथ अलग फ्लैट में रह रही थी। परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव चल रहा था। परिवार बेटी से मिलने फ्लैट पहुंचा। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस का मानना है कि इसी दौरान दोनों आरोपियों ने तीनों पर कई बार चाकू से हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। है। आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।

### बैट से पीटकर की हत्या

एक और हिंसक घटना में, बेंगलुरु के ही पीजी (पेइंग गेस्ट) मालिक की बैट से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो कॉलेज छात्रों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान 37 साल के माधव माटले के रूप में हुई है। घटना सोमवार शाम करीब 6:30 बजे कस्तूरीनगर मेन रोड स्थित उनके पीजी के बाहर हुई। नल से पैर धोने को लेकर हुए विवाद में आरोपी छात्रों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार वे हमले के वक्त वे नशे में भी थे।

## मानसून की दस्तक...



**कोलकाता।** कोलकाता, बंगाल में मंगलवार को भारी बारिश के बाद लोग पानी से भरी सड़क से गुज़रते हुए।

### आप विधायक समेत 9 को 7-7 साल जेल

**अहमदाबाद।** गुजरात में नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं। मामला 30 अक्टूबर 2023 का है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटा दिए थे। इस पर वसावा ने पांच अधिकारियों को अपने घर बुलाया था। प्राथमिकी के मुताबिक, चैतर वसावा और उनके साथियों ने अधिकारियों के साथ मारपीट की और उनसे प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा देने के नाम पर वसूली की थी।

## 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा को लेकर चल रही तैयारी

# बेस कैंप में 5 अलग-अलग एजेंसियों ने किया मॉकड्रिल

एजेंसी ▶▶| जम्मू

आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के तहत मंगलवार को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर में कई सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों की भागीदारी के साथ ‘मॉक ड्रिल’ आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 57 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल सुबह आठ बजे विशाल परिसर में शुरू हुई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने हिस्सा लिया।

**3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा**



### आपातकालीन स्थितियों का हुआ अभ्यास

अधिकारियों ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न आपातकालीन स्थितियों का कृत्रिम रूप से तैयार कर अभ्यास किया गया, ताकि सभी एजेंसियों की तैयारी, आपसी समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता को परखा जा सके। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

### भगवती नगर है मुख्य आधार शिविर

अधिकारियों के अनुसार, भगवती नगर यात्री निवास देशभर से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मुख्य आधार शिविर के रूप में कार्य करता है। श्रद्धालु कश्मीर के लिए रवाना होने से पहले यहीं ठहरते हैं और इसके बाद 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा की ओर बढ़ते हैं, जहां प्राकृतिक रूप से बर्फ का शिवलिंग बनता है।

### दो रास्तों से होती है यात्रा

अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले आधार शिविर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह यात्रा दो रास्तों से होकर गुजरती है। इसमें पहला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा पहलगाम मार्ग है। दूसरा मार्ग मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है, जो छोटा लेकिन अधिक ढलान वाला रास्ता है।

### अधिक किराया वसूलने पर परमिट होगा रद्द

आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली 57 दिवसीय बाबा अमरनाथ की यात्रा में बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं से बसों, टैक्सी व मैक्सी कैब, ऑटो रिक्शा, ई-आटो और ई-रिक्शा के लिए किराया सूची जारी कर दी गई है। विभाग ने साफ किया है कि भक्तों से निर्धारित से अधिक किराया वसूलने पर वाहनों के चालान कटेंगे व बार-बार गलती दोहराने पर रूट परमिट रद्द होगा।

**DELHI PUBLIC SCHOOL DURG**
Junwani Road, P.O. Nehru Nagar, Bhilai, District- Durg, Chhattisgarh, Pin–490020
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, New Delhi)

**INVITES APPLICATIONS FOR THE POST OF PRINCIPAL**

Candidates with a consistently strong academic record up to the postgraduate level, including a B.Ed., and possessing a minimum of 15 year's teaching experience at the senior secondary level, including at least 5 year's experience in an administrative capacity in English-medium schools, are invited to apply.

The candidate's age should not exceed 55 years as on 30.06.2026.

Salary, perquisites and other benefits shall be as per the rules of the DPS Society. Higher emoluments shall not be a constraint for a deserving candidate.

Applications, along with a comprehensive résumé and a recent passport-size photograph, should be sent to The Secretary, The Delhi Public School Society, F-Block, East of Kailash, New Delhi – 110065, with a copy by email to the Pro-Vice Chairman, Delhi Public School Durg, at PVC@dpsdurg.edu.in, within 15 days of the publication of this advertisement.

The envelope should be superscribed: "APPLICATION FOR THE POST OF PRINCIPAL - DELHI PUBLIC SCHOOL DURG".

Only shortlisted candidates shall be called for interview.

The Management reserves the right to reject any or all applications without assigning any reason and to relax eligibility criteria in deserving cases.

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### पोर्टल एंट्री में 'शॉर्टकट' का खेल

इस पूरे मामले में ये साफ हुआ है कि काम में जल्दबाजी और मेहनत से बचने के लिए निकाय स्तर पर मनमाना डेटा दर्ज किया जा रहा है। आयोग ने 8 प्रमुख बिंदुओं पर इन गड़बड़ियों को चिन्हित किया है। आयु में विरोधाभास- पोर्टल में दर्ज की गई परिवार के मुखिया की वर्तमान आयु और उनके विवाह के समय की आयु के बीच गहरा विरोधाभास पाया गया है, जो डेटा की सत्यता पर सवाल खड़ा करता है।

### एक केस स्टडी (कोरबा का परिवार)

*मुखिया एक महिला- आयु 55 साल, विवाह के समय आयु 18 साल, पति की आयु 21 साल, विवाह के समय आयु लगभग 21 साल। इस परिवार में तीन बच्चों सहित पांच लोग हैं। सभी को अशिक्षित बता दिया गया। यही नहीं, पांचों सदस्यों में किसी को भी कामकाजी नहीं बताया गया। परिवार की वार्षिक आय शून्य, परिवार के पास कोई अचल संपत्ति नहीं, लेकिन स्वयं का मकान होना बता दिया। परिवार के पास कोई चल संपत्ति भी नहीं होना बताया है।*

# ओबीसी सर्वे : पोर्टल एंट्री में लापरवाही, पढ़े लिखों को बनाया अनपढ़, कामकाजी को बना दिया 'निठल्ला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन करने के लिए चलाया जा रहा सर्वेक्षण कार्य भारी प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है। गड़बड़ी का आलम ये है कि पढ़े-लिखे लोगों को अनपढ़ बता दिया गया है। कई परिवारों में कामकाजी लोगों के बारे में बता दिया कि ये कोई काम नहीं करते यानी निठल्ले हैं। लोग कई तरह की सरकारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सरकारी योजनाओं का लाभ छिपा दिया

पोर्टल एंट्री में सरकारी योजनाओं (जैसे आवास योजना, ऋण अनुदान, पेंशन) के लाभ को छिपाकर केवल 'राशन कार्ड' का लाभ ही दर्ज किया जा रहा है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि बड़ी संख्या में लोग आवास और पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसी तरह आर्थिक आंकड़ों में मनमानी की गई है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### भूमि और संपत्ति का विवरण गायब

कई परिवारों के मामले में 'स्वयं का मकान' होने की जानकारी तो दर्ज है, लेकिन चल-अचल संपत्ति के कॉलम में 'शून्य' भरा गया है। इसी तरह, भूमि स्वामित्व के कॉलम में भी जानकारियां गायब हैं। कई मामलों में 'क्या आपके पास जाति प्रमाण पत्र है?' और 'आरक्षण नीति से प्राप्त लाभ' वाले कॉलम्स में 'कोई लाभ नहीं' या जानकारी खाली छोड़ दी गई है।

### पढ़े-लिखों को 'अशिक्षित' बनाया

*सर्वे प्रपत्रों में सदस्यों को जानबूझकर 'अशिक्षित' दिखाया जा रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि यदि किसी सदस्य को 'शिक्षित' दर्ज किया जाता है, तो पोर्टल पर स्कूल में प्रवेश की आयु, विद्यालय का प्रकार, शैक्षणिक योग्यता और शिक्षा छोड़ने का कारण जैसी विस्तृत जानकारियां अनिवार्य रूप से भरनी पड़ती हैं।*

### कामकाजी आबादी का गलत आकलन

*अधिकांश परिवारों में या तो किसी भी सदस्य को 'कामकाजी' नहीं दिखाया गया है या फिर पूरे परिवार में मात्र एक सदस्य को ही कामकाजी बताया गया है। यदि किसी सदस्य को कामकाजी दर्शाया जाता है, तो उसके व्यवसाय, दैनिक मजदूरी और वार्षिक आय का विवरण देना होता है। इन जानकारियों से बचने के लिए कर्मचारियों द्वारा उन्हें 'कामकाजी नहीं' की श्रेणी में डाल दिया जा रहा है।*

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बस स्टॉप में घुसी लॉरी तीन लोगों की मौत

**कोल्लम।** कोल्लम के कोट्टाराकारा के नीलेश्वरम में मंगलवार सुबह मिट्टी से लदी एक लॉरी अचानक अनियंत्रित होकर एक बस स्टॉप में जा घुसी, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लॉरी में लदी सारी मिट्टी बस स्टॉप पर मौजूद लोगों के ऊपर गिर गई जिससे कई लोग मिट्टी के भारी ढेर के नीचे दब गए।

### 2.9 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने कछार जिले में करीब 2.9 करोड़ रुपए मूल्य की 'याबा टैबलेट' जब्त की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि 29,000 याबा टैबलेट जब्त की गईं और मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### एक परिवार के चार लोग मृत मिले

**बंगारुरेड्डीपल्ली।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में एक परिवार के चार लोग मृत पाए गए और उनके कथित तौर पर आत्महत्या करने का संदेह है। मृतकों की पहचान दामोदर (30), उसकी पत्नी निर्मला, उनके 13 वर्षीय पुत्र और 10 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है। चित्तूर ज़िले में एक ही परिवार के चार लोग जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं, मृत पाए गए। यह घटना तब सामने आई जब सोमवार सुबह करीब 6:15 बजे दामोदर की बहन परिवार से मिलने आई।

# राम मंदिर चंदा केस में दर्ज होगा जुर्म, बदलेगा ट्रस्ट, पांच साल के चढ़ावे का होगा ऑडिट

*एसआईटी ने सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट टीम ने की कई तरह की सिफारिशें*

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अयोध्या में राम मंदिर दान के वित्तीय प्रबंधन में कथित हेराफेरी की जांच कर रहे एसआईटी ने उप्र सरकार के अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को अपनी प्रारंभिक प्रतिवेदन रिपोर्ट सौंप दी। एसआईटी के अध्यक्ष और लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पत्रकारों को बताया, आज हमने शासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी की जांच रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह) को सौंपी है। यह एक प्रारंभिक प्रतिवेदन है और उसी क्रम में आज इसे अपर मुख्य सचिव को सौंप दिया गया है। गबन से जुड़े सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक गोपनीय जांच हैं और उसे बताने के लिए हम इस समय अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो हमारी जांच थी, वह हमने उपलब्ध करा दिया है। विजय विश्वास पंत ने बताया कि अयोध्या विवाद पर अपनी शुरुआती रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

*अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट गृह विभाग को सौंप दी है। जांच में मंदिर ट्रस्ट के कई अधिकारी और कर्मचारी प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। यह रिपोर्ट सीएम योगी के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

**रिपोर्ट में यह भी है खास**

जांच रिपोर्ट में चढ़ावा चोरी से लेकर कमीशनखोरी तक के साक्ष्य जुट गए हैं। साथ ही मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति व गणना प्रक्रिया में भी हेरफेर की आशंका जताई गई है। सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अनिल मिश्रा व निर्माण सहायक गोपाल राव को भी सवालों के घेरे में खड़ा किया गया है। वहीं, चढ़ावा चोरी में 25 से 30 लोगों की सीधी भूमिका सामने आ रही है। बिना तलाशी के मंदिर कर्मियों की आवाजाही पर भी सवाल उठाया गया है।

*» शुरुआती रिपोर्ट में 150 लोगों से पूछताछ की दी गई डिटेल*

*» गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को सौंपी गई रिपोर्ट*

**20 पेज की रिपोर्ट**

- वरिष्ठ अधिकारी को मंदिर का मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने का सुझाव
- राम मंदिर में आए पिछले पांच वर्षों के चढ़ावे का ऑडिट कराने की सिफारिश
- मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए दिए गए सुझाव



### जांच के लिए बनाई गई थी एसआईटी

*अयोध्या स्थित तीर्थ क्षेत्र में दानपात्रों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल गठित किए जाने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट के अनुसार, अफवाहों पर रोक लगाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए इसकी गहन जांच आवश्यक है।*

### इन पर हुई कार्रवाई

राम मंदिर चोरी मामले में 5 आरोपियों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है। इसके अलावा, चंपत राय के करीबी टिन्नू के घर से सोना मिला था। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, चोरी 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है।

### अब आगे क्या

रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है।

**हाईकोर्ट का आदेश**

# दरगाह-उर्स में डीजे, नाच-गाना बैन करने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड की तरफ से 11 जून 2026 को जारी उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है जिसमें प्रदेश की दरगाहों, उर्स और बाकी मजहबी आयोजनों में डीजे, धूमाल, नाच-गाना समेत कई गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए थे। इस मामले की सुनवाई छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जस्टिस ए.के. प्रसाद की एकलपीठ में हुई। यह ▶▶| शेष पेज 7 पर

- वक्फ-बोर्ड ने 50,000 जुर्माना लेने जारी किया था आदेश
- राज्य वक्फ बोर्ड को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट के इस आदेश के बाद फिलहाल 11 जून को जारी निर्देश प्रभावी नहीं रहेंगे। इस मामले में अब आगामी सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र, धार्मिक आयोजनों में जारी किए गए प्रतिबंधों की वैधता और याचिकाकर्ता की आपत्तियों पर विस्तृत विचार किया जाएगा।

**एक और सोनम कांड**

# शादी से पहले प्रेमी के साथ मिलकर की मंगेतर की हत्या



मंगेतर केतन



आरोपी सिया

एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे के लोनावला स्थित लोहागढ़ में ट्रेकिंग के दौरान कारोबारी परिवार के 24 वर्षीय युवक रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की मौत ने एक नया मोड़ ले लिया है। पहले इस घटना को हादसा माना गया था, लेकिन पुलिस जांच में हत्या के पुख्ता प्रमाण मिले, जिसके आधार पर पुलिस ने केतन अग्रवाल की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। इस केस ने एक बार फिर इंदौर के सोनम-राजा रघुवंशी वाले मामले को ताजा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (पुणे ग्रामीण) संदीप सिंह गिल ने कहा कि 18 जून को एक कपल, जिनकी इंगेजमेंट ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कथित प्रेम संबंधों का खुलासा

केतन परिवार के रियल एस्टेट बिजनेस में निदेशक थे। उनकी नवंबर 2026 में सिया गोयल से शादी होने वाली थी। सिया गोयल का कथित तौर पर चेतन चौधरी नाम के व्यक्ति के साथ संबंध था। सिया शादी के खिलाफ थी। पुलिस का मानना है कि जबरन शादी के कारण सिया और चेतन ने केतन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

**लखनऊ अग्निकांड**

# जांच में जुटीं फॉरेंसिक टीम और एसआईटी



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में तीन मंजिला एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग में 15 लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस और आगरा के प्रस्तावित दौरे समेत मंगलवार के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। भाजपा ने भी शोक व्यक्त करते हुए मंगलवार के अपने संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अलीगंज अग्निकांड ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 4 गिरफ्तार चार सस्पेंड

पुलिस के अनुसार, सोमवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में रामकृष्ण उपाध्याय, वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला, तुषार कृष्ण जायसवाल और सुरेश कुमार साहू शामिल हैं। इसके अलावा बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण के चार अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है।

### जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले पर कहा, इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं और एक एसआईटी बनाई गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




**छत्तीसगढ़ में उभरा नया संभावित डायमंड बेल्ट**

# महासमुंद के बलौदा-बेलमुंडी क्षेत्र से मिले 5 हीरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का नाम महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गया है। जिले के सरायपाली क्षेत्र स्थित बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में पांच हीरे मिले हैं। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा 200 टन बल्क सैंपल के परीक्षण एवं प्रसंस्करण के बाद कुल 5 हीरे मिले हैं। जिनका कुल वजन 1.22 कैरेट है। यह उपलब्धि क्षेत्र में हीरा खनिजीकरण की संभावनाओं की पुष्टि करती है।

यह खोज राज्य में हीरा संभावनाओं ▶▶| शेष पेज 7 पर

**छत्तीसगढ़ में हीरा खोज की बड़ी सफलता, जमीन के अंदर दबा मिला बेशकीमती खजाना**



### हीरा अन्वेषण के नए युग की शुरुआत

सीएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष ने कहा कि बालोदा-बेलमुंडी ब्लॉक में प्राप्त परिणाम प्रारंभिक चरण के बावजूद अत्यंत सकारात्मक हैं। हीरों की प्राप्ति ने क्षेत्र की संभावनाओं की पुष्टि की है। कंपनी द्वारा आगे भी विस्तृत अन्वेषण, ड्रिलिंग एवं संसाधन मूल्यांकन कार्य जारी रखे जाएंगे, ताकि क्षेत्र की वास्तविक हीरा क्षमता का वैज्ञानिक आकलन किया जा सके। खनिज विशेषज्ञों के अनुसार बालोदा-बेलमुंडी क्षेत्र से प्राप्त यह सफलता छत्तीसगढ़ में हीरा अन्वेषण के नए युग की शुरुआत का संकेत है। आगे के विस्तृत अध्ययन और अन्वेषण कार्यक्रम इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करेंगे तथा राज्य की खनिज अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं।

### सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़ का गौरव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बालोदा-बेलमुंडी क्षेत्र में प्राकृतिक हीरों की प्राप्ति छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। राज्य सरकार खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी खनिज राज्यों में और अधिक सशक्त पहचान दिलाएगी। खनिज साधन विभाग के सचिव के अनुसार, हीरों की यह खोज राज्य के खनिज क्षेत्र के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है।

# चीन के साथ संबंध बढ़ाएं लेकिन सावधानी जरूरी

आखिरकार कई साल के तनाव के बाद भारत और चीन के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल हो गए हैं। आज के बदलते वैश्विक माहौल में दोनों के बीच यह जरूरी भी है। चूंकि खाड़ी युद्ध के बाद दुनिया में चीन की स्वीकार्यता बढ़ी है। भारत और चीन ही ऐसे देश हैं जहां खाड़ी संकट से पैदा हुए हालातों का बेहद कम असर रहा है। अब दोनों देशों के रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की दीवार खड़ी हो गई थी, वह अब धीरे-धीरे कम होती नजर आ रही है। हालांकि भारतीय उद्योग परिसंघ ने चेतावनी दी है कि चीन के साथ कारोबार और करार करने से पहले काफी सतर्क रहने की जरूरत है। चीन के साथ भारत संबंध बढ़ाए, लेकिन सावधानी रखना भी उतना ही जरूरी है। नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भी दोनों देशों के बीच काफी गर्मजोशी देखने को मिली। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भारत और चीन के लिए एक-दूसरे के 'मूल हितों' का सम्मान करना और दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति पर क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाना अनिवार्य है। वहीं, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी कहा कि भविष्य के लिए दोनों देशों को साथ आना होगा। आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव और अमेरिका की आक्रामक आर्थिक नीतियों के बीच चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है। ऐसे समय में भारत और चीन, जो दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनके बीच संवाद और सहयोग की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, आर्थिक आंकड़े एक अलग कहानी भी बयां करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में चीन अमेरिका को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारत का चीन को निर्यात बढ़ा जरूर है, लेकिन आयात कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा बढ़कर 112 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसका अर्थ है कि भारत की बाजार व्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र अभी भी चीनी उत्पादों पर अत्यधिक निर्भर हैं। दूसरी ओर, भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां भी भारत के लिए रणनीतिक चुनौती हैं। ऐसे में बीजिंग के साथ संवाद बनाए रखना और तनाव कम करना भारत के हित में है, लेकिन मित्रता और निर्भरता में अंतर होता है। भारत को ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे उसकी रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हो या राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों पर आंच आए। भारत और चीन के बीच संबंधों का भविष्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। सीमा विवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और वैश्विक मंचों पर समन्वय जैसे अनेक मुद्दे दोनों देशों के एजेंडे में शामिल हैं। इसलिए संबंधों का आधार केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि पारस्परिक सम्मान और विश्वास होना चाहिए। चीन यदि वास्तव में संबंधों को नई दिशा देना चाहता है, तो उसे सीमा पर स्थायी शांति और विश्वास निर्माण के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे। भारत के लिए सबसे उपयुक्त नीति यही होगी कि वह चीन के साथ संवाद बढ़ाए, व्यापार करे, निवेश आकर्षित करे और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाए, लेकिन राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं।



व्यवस्था
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# शैक्षणिक व्यावसायिकता का अक्षम्य अपराध

**पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।**

लखनऊ की हवा में अभी भी धुएं और जले हुए सपनों की गंध घुली हुई है; पूरा शहर और पूरा देश इस वीभत्स मंजर को देखकर स्तब्ध है। पंद्रह बच्चे जो कल तक अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन रहे थे, जो अपने माता-पिता की आंखों के तारे थे, आज वे केवल राख का एक ढेर बनकर रह गए हैं। यह सीधे तौर पर उस व्यावसायिक आपराधिकता का अत्यंत वीभत्स चेहरा है, जिसने शिक्षा-व्यवस्था को मौत का कुआं बना दिया है। इतिहास गवाह है कि लखनऊ की यह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है।

यह देश के विभिन्न कोनों में कोचिंग संचालकों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक लापरवाहियों की एक अंतहीन और खूनी कड़ी है। हमें दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की वह भयावह घटना नहीं भूलनी चाहिए, जहां एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में अचानक पानी भर जाने से तीन होनहार छात्रों की डूबने से मौत हो गई थी। वह पानी कोई प्राकृतिक बाढ़ नहीं था, बल्कि संस्थान के मालिक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर, बिना किसी ड्रेनेज या आपातकालीन निकास के बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधि चलाने का प्रत्यक्ष परिणाम था। इसी तरह, सूरत के तक्षशिला आर्केड की वह रूह कंपा देने वाली आग आज भी देश के जेहन में ताजा है, जहाँ सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर बनाई गई चौथी मंजिल पर चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने के कारण बच्चों को जान बचाने के लिए ऊपर से कूदना पड़ा था। दिल्ली के मुखर्जी नगर में भी कोचिंग सेंटर की आग से बचने के लिए छात्रों का तारों के सहारे लटककर खिड़कियों से कूदना इस बात का जीता-जागता सबूत है कि इन संस्थानों के संचालकों के लिए बच्चों की जान की कीमत कौड़ियों के बराबर भी नहीं है। केवल हादसे की जगह बदलती रही, मरने वाले मासूम बदलते रहे, लेकिन गुनाहगार का चरित्र वही रहा।

जब कोई व्यक्ति एक कोचिंग संस्थान खोलता है तो वह केवल एक भवन किराए पर नहीं लेता, बल्कि वह समाज के सामने एक जिम्मेदार संस्थान होने का दावा प्रस्तुत करता है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब भी ऐसी कोई भयानक त्रासदी होती है तो सारा दोष प्रशासनिक तंत्र, दमकल विभाग या स्थानीय नगर निगम के मत्थे मढ़कर असली अपराधी बच निकलते हैं। हमें यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि जब एक कोचिंग सेंटर का मालिक छात्रों से लाखों रुपये की मोटी फीस वसूलता है तो उस प्रत्येक पैसे के बदले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी पहली, अंतिम और एकमात्र व्यक्तिगत जिम्मेदारी बन जाती है। सरकार से एनओसी प्राप्त करना या सुरक्षा मानकों का पालन करना कोई प्रशासनिक औपचारिकता या जबरन थोपा गया नियम नहीं है, बल्कि यह उस व्यवसाय को चलाने की एक ऐसी बुनियादी शर्त है जिसे पूरा किए बिना संस्थान की एक ईंट भी नहीं रखी जानी चाहिए थी। यदि किसी संचालक ने बिना इन व्यवस्थाओं के संस्थान खोला तो उसने केवल नियम नहीं तोड़े, बल्कि उसने जानबूझकर पंद्रह बच्चों की हत्या की साजिश रची।

तंग और संकरी गलियों में बनी ये ऊंची-ऊंची इमारतें और भूमिगत बेसमेंट में संचालित होते कोचिंग सेंटर, किसी मौत के कुएं से कम नहीं हैं और इनका



निर्माण किसी सरकारी अधिकारी ने नहीं, बल्कि कोचिंग सेंटर के मालिकों ने अपने निजी स्वार्थ और जगह के अधिकतम व्यावसायिक दोहन के लिए किया है। सूरत की आग से लेकर दिल्ली के बेसमेंट में भरे पानी से गोते हुए लखनऊ की इन लपटों तक, हर बार यह साबित हुआ है कि संचालकों को केवल इस बात से सरोकार होता है कि एक छोटे से कमरे में कितने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को ठूंसा जा सकता है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आस में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी, अपनी गाढ़ी कमाई इन संस्थानों के काउंटरों पर लाकर झोंक देते हैं। वे यह सोचकर निश्चिंत हो जाते हैं कि उनका बच्चा कल का डॉक्टर, इंजीनियर या बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बनेगा और देश का नाम रोशन करेगा। लेकिन विडंबना देखिए, शिक्षा के इस अंधाधुंध बाजारीकरण ने इंसानियत को इतना बौना और लाचार कर दिया है कि आज इन व्यापारिक आकाओं के लिए मुनाफा, बच्चों के अनमोल जीवन से बहुत बड़ा हो चुका है।

अब समय आ गया है कि ऐसी स्थिति में कोचिंग सेंटर के मालिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। हमें सामूहिक रूप से यह मांग करनी होगी कि देश के प्रत्येक कोचिंग सेंटर का सुरक्षा ऑडिट केवल कागजों पर न हो, बल्कि धरातल पर उसकी कड़ाई से जांच की जाए। यदि कोई भी संस्थान सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करता तो उसे हमेशा के लिए सील कर दिया जाना चाहिए और उसके संचालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटर के मालिक पर केवल लापरवाही का हल्का मुकदमा चलाने के बजाय सीधे तौर पर हत्या या गैर-इरादतन हत्या की संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

सूरत, दिल्ली और अब लखनऊ के हादसों के बाद भी अगर संचालकों के भीतर कानून का खौफ पैदा नहीं हुआ तो वे देश की न्याय व्यवस्था को अपने मुनाफे के आगे बौना समझते रहेंगे। इन व्यावसायिक संस्थानों को रिहायशी और तंग इलाकों से पूरी तरह बाहर निकालकर केवल उन्हीं स्थानों पर संचालित करने की अनुमति दी जानी चाहिए जो पूरी तरह से सुरक्षित और खुले हों। यदि शिक्षा प्राप्त करने का अर्थ अपनी जान को जोखिम में डालना है तो समाज को ऐसी खूनी शिक्षा व्यवस्था को तुरंत नकार देना चाहिए। संचालकों की यह व्यावहारिक और नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे स्वयं अपने संस्थानों को तब तक बंद रखें जब तक कि वे छात्रों को एक पूर्ण सुरक्षित वातावरण देने में सक्षम न हो जाएं। लखनऊ की यह भीषण त्रासदी, दिल्ली के बेसमेंट का वह खौफनाक मंजर और सूरत में बिखरी हुई मासूमों की राख आज हमें चीख-चीख कर एक गंभीर चेतावनी दे रही है। क्या हम केवल अगली किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं ताकि फिर से शोक व्यक्त कर सकें? अब वक्त आ गया है कि इस अंधी और बहरी व्यवस्था की नींद को हमेशा के लिए तोड़ा जाए और इसके असली दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए, क्योंकि अगर आज हम चुप रहे और हमने अपनी आवाज बुलंद नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां हमारी इस कायरता और मौन के लिए हमें कभी माफ नहीं करेंगी। यह समय चुप रहकर तमाशा देखने का नहीं है, बल्कि इस पूरे खूनी व्यापार के संचालकों को समाज का असली आईना दिखाने और उन्हें उनके इस अक्षम्य अपराध की पूरी सजा दिलाने का है। यदि हम समाज के तौर पर आज भी नहीं जागे और हमने इन मुनाफाखोर कोचिंग मालिकों को उनके कर्मों की सजा नहीं दिलाई तो यह खूनी सिलसिला देश के किसी न किसी कोने में निरंतर चलता रहेगा।

(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रक्षा क्षेत्र
प्रमोद भार्गव



# भारत की समुद्र में बढ़ती सैन्य ताकत

रक्षा क्षेत्र में जबसे निजी उद्योगपतियों को रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी है, तब से समुद्र में भारत की ताकत निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। समुद्र से ही विकास, सुरक्षा और समृद्धि जुड़ी है। जब समुद्र में किसी भी स्थिति से निपटने में कोई सक्षम होता है, तो इससे आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित तीनों युद्धपोत सेना में शामिल किए जा रहे हैं।' वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। निजी क्षेत्र द्वारा रक्षा सामग्री उत्पादन से पहले एक समय ऐसा भी था, जब भारत हर छोटे-बड़े रक्षा उपकरणों को आजाद करने के लिए दूसरे देशों का मुंह ताकता रहता था। इस स्थिति के चलते रणनीतिज्ञ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल देश की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है। ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है।

यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इससे हमारी सैन्य क्षमताओं में आश्चर्यजनक बढ़ोतरी हुई है। इस उपलब्धि के हासिल हो जाने के बाद हम समुद्र के भीतर से दुश्मन देशों पर हमला करने में सक्षम हुए हैं। परमाणु पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत छठे देश की कड़ी में शामिल हो गया है। भारत अब पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर है। पहले से ही नौसेना के पास 15 पारंपरिक और दो परमाणु हथियार संपन्न पनडुब्बियां हैं। पनडुब्बियों की संख्या बढ़ाने के लिए 55000 करोड़ रुपये से छह पनडुब्बियों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। मझगांव डॉक्स, निजी पोत निर्माण कंपनी एलएंडटी और नौसेना के बीच प्रोजेक्ट-75 इंडिया के तहत ये पनडुब्बियां स्वदेशी तकनीक से निर्मित की जा रही हैं। मेक इन इंडिया परियोजना के तहत यह अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। रक्षा सामग्री उत्पादन संस्थान अब भारतीय सेना की जरूरतों की पूर्ति के साथ विदेशी पूंजी निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही है। नौसेना की ताकत बढ़ाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि चीन दक्षिण सागर में नौसेना की ताकत न केवल बढ़ा रहा है, बल्कि दूसरे देशों के सागर क्षेत्र में भी घुसपैठ करने में लगा है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में अपना युद्धपोत तैनात कर दिया है। नौसेना ने चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में आने वाले अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के नजदीक मलक्का स्ट्रेट में चीनी नौसेना के प्रवेश द्वार के निकट भी जहाज तैनात किए हैं, जिससे चीन की षड्यंत्रकारी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। यहीं से चीन के कई माल-वाहक जहाज अन्य महाद्वीपों में आते-जाते हैं। जहाजों की इन तैनातियों से भारतीय नौसेना ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही मोर्चों पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए कमर कसी हुई है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया? *- महेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### एआई कंपनियां पर्यावरण प्रभाव पर रिपोर्ट जारी करें

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंपनियों से अपने कार्बन उत्सर्जन तथा संस्थान के संचालन में उपयोग में लाये जाने वाले जल और जमीन के बारे में रिपोर्ट जारी करने की अपील की। गुतारेस ने 'लंदन क्लाइमेट एक्शन वीक' में अपने संबोधन के दौरान कार्रवाई का आग्रह करते हुए एआई पर्यावरण पारदर्शिता पहल का प्रस्ताव किया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई कंपनियों को अपनी तेजी से लोकप्रिय हो रही प्रौद्योगिकी के असर को मापना और उसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही वह प्रभाव है जिसे डेटा सेंटर के तेजी से बढ़ते विस्तार पर रोक लगाने की वजह बताया जा रहा है। इन कंपनियों पर सरकारों और उन इलाकों के स्थानीय लोगों, जहां एआई के डेटा सेंटर हैं, की ओर से लगातार दबाव बढ़ रहा है कि वे अधिक पारदर्शिता बरतें और पूरे उद्योग में जानकारी साझा करने के लिए एक जैसा मानक अपनाएं। गुतारेस ने कहा कि एआई कंपनियों को 2030 तक अपने संस्थानों को पवन और सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय प्रौद्योगिकी से बनी बिजली से संचालित करने का संकल्प लेना चाहिए। गुतारेस ने यूरोप के सबसे बड़े स्वतंत्र जलवायु सम्मेलन में कहा, 'अब कोई छिपी हुई लागत नहीं...अब उन लोगों पर बोझ नहीं डाला जाएगा जो इसे वहन करने में सबसे कम सक्षम हैं।



## ऑफ बीट

### प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रही

प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है - ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।



## ट्रेंड

### 'राष्ट्र प्रथम' की भावना



नक्सल प्रभावित उन इलाकों में, जहा लोग दिन में भी बाहर निकलने से डरते थे, हमने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ विकास का संकल्प लेकर कदम आगे बढ़ाए हैं।नतीजा यह है कि आज देश में माओवादी आतंकवाद अपने अंतिम दिन गिन रहा है।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदना



लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना में कई लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर बेहद दुखद है। मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### हार्दिक शुभकामनाएं



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सभी खिलाड़ियों और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। खेल अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने हमेशा वैश्विक मंच पर देश का मान बढ़ाया है।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### राम मंदिर



राम मंदिर का पूरा कंट्रोल चंपत राय के हाथों में है। सबसे ज़्यादा आरोप खुद चंपत राय पर ही लग रहे हैं। उन्हें अब तक हटाया क्यों नहीं गया है? क्या इस बात का डर है कि अगर चंपत राय ने मुंह खोला, तो कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे ?
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# सरकारी विभागों को भी करना होगा समयसीमा का पालन, 86 दिन के विलंब से दायर रिट अपील खारिज

## राज्य शासन, जेल और सुधारात्मक सेवा आश्रम रायपुर केंद्रीय जेल अधीक्षक जगदलपुर ने दायर की थी याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जेल विभाग से जुड़े एक सेवा विवाद में राज्य सरकार द्वारा 86 दिन के विलंब से दायर रिट अपील को खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है, सरकारी विभागों को भी अन्य पक्षकारों की तरह समय-सीमा का पालन करना होगा। केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं या फाइलों के आवागमन को देरी माफ करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। राज्य शासन, जेल और सुधारात्मक सेवा आश्रम रायपुर और केंद्रीय जेल अधीक्षक जगदलपुर की रीट अपील पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने यह निर्णय लिया। मुंगेली जिला जेल में



पदस्थ जेल वार्डन संजय कुमार साहू (35 वर्ष), पिता पूरन लाल साहू के पक्ष में 21 नवंबर 2025 को सिंगल बेंच ने आदेश पारित किया था। सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए गृह विभाग ने रिट अपील दायर की, लेकिन यह निर्धारित 45 दिन की तय समय सीमा से अधिक, 86 दिन विलंब से प्रस्तुत की गई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने बताया, आदेश प्राप्त होने के बाद फाइल जेल मुख्यालय, गृह विभाग, महाधिवक्ता कार्यालय और विधि विभाग के बीच विचाराधीन रही। कानूनी राय लेने, अनुमति प्राप्त करने तथा अधिकारी-प्रभारी नियुक्त करने जैसी प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण अपील विलंब से दायर हुई।

### अपने-आप में पर्याप्त कारण नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, कई फैसलों में स्पष्ट कर चुका है कि सरकारी विभागों को देरी माफी का विशेषाधिकार प्राप्त नहीं है। प्रशासनिक या नौकरशाही प्रक्रियाएं अपने-आप में पर्याप्त कारण नहीं मानी जा सकती। डिवीजन बेंच ने पाया कि राज्य ने ऐसा कोई असाधारण या अपरिहार्य कारण नहीं बताया, जिससे समय-सीमा के भीतर अपील दायर करना संभव न हो। आवेदन में केवल विभागीय पत्राचार और फाइलों की आवाजाही का उल्लेख है, जबकि यह नहीं दिखाया गया कि निर्धारित अवधि के भीतर त्वरित और गंभीर प्रयास किए गए थे। इसलिए 86 दिन की देरी को माफ करने का कोई आधार नहीं बनता।

## मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए जारी किया अलर्ट

# प्रदेश में मानसून एंट्री के बाद कई जिलों में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/ गरियाबंद

प्रदेश में दंतेवाड़ा में दक्षिण पश्चिम मानसून की एंट्री के साथ ही बस्तर सहित राज्य के कई जिलों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। राजधानी में मंगलवार को शाम को शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही। रायगढ़ में दिनभर धूप के बाद तेज गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। वही कांकेर में एक पेड़ गाज गिरने से देर तक जलता रहा। इनके अलावा राज्य के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। बारिश से



लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने चार दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। कई जगहों में बारिश के साथ ही खेती-किसानी का काम भी शुरू हो गया है। मानसून की पहली बारिश के साथ ही बस्तर संभाग में खरीफ फसल सीजन 2026 की बुवाई कार्य में तेजी आने लगी है। कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार संभाग में निर्धारित 9 लाख 16 हजार हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 40 हजार हेक्टेयर से ज्यादा रकबा में खरीफ फसलों की बुवाई की जा चुकी है। गरियाबंद जिले में 22 जून को जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद मंगलवार को किसान खेतों में जुताई और प्रारंभिक कृषि कार्य करते नजर आए। हल्की बारिश से खेतों में नमी आने के कारण प्रारंभिक जुताई का काम शुरू हो गया है।

### गौशाला में गाज गिरने से 10 मवेशी मरे

कसडोल/सेल। बलौदाबाजार जिले के कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजादेवरी स्थित गौशाला में गाज गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई। घटना के वक्त मौके पर 200 से अधिक मवेशी और चरवाहे मौजूद थे। गनीमत रही कि चरवाहों ने सूझबूझ दिखाई और वे इसकी चपेट में आने से बच गए। इस हादसे से गौशाला प्रबंधन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है, वहीं एक साथ 10 गायों की मौत से पूरे इलाके में शोक है।

## खबर संक्षेप



### दो बाइक में भिड़ंत, दो युवकों की गई जान

बालोद। दो बाइक की सीधी भिड़त में दो युवकों की जान चली गई। ग्राम मालीघोरी के जुझारा नाला के पास दो बाईको में भीड़त हो गया, भिड़त इतना जबरदस्त था कि दोनो बाईको मे सवार युवक अपने बाईको से दूर जा गिरे तथा दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगनी निवासी भोजराज ठाकुर 35 वर्ष मालीघोरी से अपने गृह ग्राम जा रहा था। बालोद नगर के शिकारीपारा निवासी लोकेश दास 33 वर्ष वापस बालोद आ रहा था इसी दौरान ग्राम मालीघोरी के जुझारा नाला के पास दोनो में भिड़त हो गया। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने 108 की सहायता से दोनो घायलो को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्राम रेंगनी निवासी भोजराज को गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गया व गंभीर रूप से घायल लोकेश दास को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए लोकेश दास को राजनांदगांव रेफर किया गया। जहां देर रात लोकेश दास की भी मृत्यु हो गई।

### जेल की बैरक में पाक्सो एक्ट के बंदी की हत्या



मृतक आरोपी

बिलासपुर। मंगलवार की सुबह केंद्रीय जेल के अंदर विचारधीन बंदी की हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई है। जेल अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर लिया है। केंद्रीय जेल से मिली जानकारी के अनुसार, कोटा दबनपुर निवासी नीलू जगत पिता देवलाल जगत 27 साल पाक्सो एक्ट के मामले में 3 नवंबर 2024 से जेल में बंद था। पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार होने से नीलू जगत को ई - 1 बैरक में रखा गया था। इस बैरक में मानसिक रूप से बीमार व मनोचिकित्सकीय इलाज करा रहे बंदी व कैदियों को रखा जाता है। उक्त बैरक में 250 से अधिक बंदी व कैदी रह रहे हैं। 23 जून की सुबह 9.32 बजे नीलू जगत बैरक में लेटा हुआ था और आसपास में कुछ कैदी लूडो खेल रहे थे। इसी दौरान बैरक में रहने वाला तीहरे हत्याकांड का कैदी मुंगेली चमारी निवासी राजेश राय पिता हरि राय 40 साल बैरक से बाहर निकला और नाली के सीमेंट के स्लैब को पैर से तोड़कर भारी भरकम टुकड़ा लेकर अंदर आया। उसके बाद बैरक में लेटे नीलू जगत के सिर पर 4 बार वार कर दिया, जिससे नीलू खून से लथपथ होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बैरक में उपस्थित अन्य कैदियों ने हमलावर राजेश राय को पकड़कर काबू में किया। घायल बंदी नीलू जगत को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। दोपहर 12.30 बजे इलाज के दौरान बंदी की सिम्स में मौत हो गई।

## सरगुजा में अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी केन्द्रीय टीम

# खनिज विभाग के सैनिक से रेत माफिया ने की मारपीट, जब्त टीपर वाहन लूटकर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

**सरगुजा में रेत माफिया के हौसले इस कदर बुलंद है कि वे अब खनिज विभाग की टीम पर ही हमला कर रहे है। अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची केन्द्रीय उडनदस्ता के सैनिक पर माफिया ने बीच गांधी चौक पर हमला लिया। माफिया ने सैनिक के साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देकर अवैध रेत लोड टीपर वाहन को लेकर फरार हो गये। इस घटना के बाद विभाग के साथ ही जिलेभर में हड़कंप मच गया है।**

कोरिया जिले में रेत माफियाओं के बीच हुए संघर्ष में तीन लोगों की हत्या कर दी है। तीन हत्याओं का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। सरगुजा में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने के लिए रायपुर खनिज शाखा से केन्द्रीय उड़नदस्ता की टीम ने 22 जून को क्षेत्र के अलग अलग घाटों से चार टीपर को जब्त किया था। जब्त किए गए एक रेत लोड टीपर को लेकर रायपुर खनिज शाखा में पदस्थ नगर सैनिक तिल्दा खरोरा महोदी निवासी तारकेश्वर वर्मा आ. रामाधार वर्मा लेकर वाहन के चालक सोनू टोप्पो व खलासी के साथ लेकर कलेक्टोरेट परिसर जा रहा था। कलेक्टोरेट जाते समय वाहन चालक ने सैनिक को धमकी दी थी कि मालिक उसे मारकर फेंक देगा। देर शाम गांधी चौक पर जब्त किए गए टीपर के वाहन स्वामी लड्डन खान ने अपने लोगों के साथ रोक लिया।

खास खबर

### वाहन से उतारकर की मारपीट, अपराध दर्ज

रेत माफियाओं ने गांधी चौक के सिग्नल पर जब्त किए गए रेत लोड टीपर को रोककर सैनिक तारकेश्वर वर्मा के साथ जमकर गाली गलौज की और जबरन उसे वाहन से नीचे उतार लिया। आरोपियों ने सैनिक की वर्दी फाड़ने की कोशिश की। चालक सोनू टोप्पो जब्त किए गये टीपर को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सैनिक तारकेश्वर वर्मा की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में टीपर चालक सोनू टोप्पो, वाहन मालिक लड्डन खान, खलासी समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।



### पकड़े गए है दो आरोपी

खनिज विभाग के सैनिक से मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई है। इस मामले में चालक और क्लीनर को गिरफ्तार करने के साथ ही रेत लोड वाहन और घटना में प्रयुक्त कार को जब्त किया गया है। शेष आरोपी भी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी

### चालक और क्लीनर पिता-पुत्र गिरफ्तार

खनिज विभाग के नगर सैनिक से मारपीट और जब्त किए गए वाहन को लूटने की घटना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। गांधीनगर पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही थी। इस दौरान थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए टीपर चालक सूरजपुर जिले के जयनगर सिलफिली पहाड़गांव निवासी 35 वर्षीय धनसिंह टोप्पो आ. रामजी टोप्पो व पुत्र 19 वर्षीय सोनू टोप्पो आ. धनसिंह टोप्पो गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया रेत लोड वाहन जब्त करने के साथ ही मुख्य आरोपी लड्डन खान की घटना में प्रयुक्त थार कार को जब्त किया है लड्डन खान समेत तीन आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, एसआई दिलीप दुबे, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक रमन मंडल, राहुल सिंह, अमन पुरी, मनीष सिंह, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

## मछली पकड़ने के दौरान बांध में पलटी नाव, तीन ग्रामीण डूबे, दो का शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बतरा स्थित सिंचाई बांध में दो नाव से मछली पकड़ने पहुंचे ग्रामीणों की नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 6 ग्रामीण तैरकर बाहर निकल गए जबकि शेष 3 ग्रामीण बांध में डूब गए। सूचना पर करंजी पुलिस एवं डीडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को लापता लोगों को तलाशने पूरे दिन रेस्क्यू अभियान चलाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बतरा बांध में मछली पालन का ठेका ग्रामीणों की सहकारी समिति को प्रदान की गई है। बरसात को देखते हुए प्रशासन द्वारा मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है।

### जाल खींचते समय पलटी नाव

बांध में मछली पकड़ने के लिए जाल डालने के बाद दोनों नाव पर सवार खींचने के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। मछली पकड़ रहे लालजी, विजय प्रसाद, वेद कुमार, कामेश्वर, होल्डर एवं राजकुमार तो तैरकर बाहर निकल गए लेकिन ग्राम राई निवासी समयलाल, जगलाल एवं ग्राम ऊंचडीह निवासी कवलसाय डूब गए।

### दो के मिले शव

कड़ी मशक्कत के बाद डीडीआरएफ की टीम ने पहले समय लाल पिता कलव साय (46वर्ष) का शव निकाला। कुछ देर बार जगलाल पिता सूख पैकरा (45वर्ष) का शव बरामद हुआ। अभी ऊंचडीह निवासी कंवल साय पिता पूवपूजन (50वर्ष) की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। डीडीआरएफ की टीम लापता कंवलसाय को तलाश रही है।





एक्स-शोरूम कीमत ₹75,300~

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. "Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. *T&C apply. ~Ex-Showroom Price of Destini110 VX in Chhattisgarh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, [illegible]: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, [illegible]: किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, [illegible]: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, [illegible]: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, [illegible]: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, [illegible]: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुण्डरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, [illegible]- कांकेरः अंशु ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, [illegible]: गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, [illegible]: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, [illegible]: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, [illegible]: साई मोटर्स, 9754329434, [illegible]: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, [illegible]: जी वी मोटर्स, 7566666243, [illegible]: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, [illegible]: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, [illegible]: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

RS/Hero/12/25



भित्तिचित्र
सतीश उपाध्याय


# सरगुजा अंचल में प्रसिद्ध रजवार भित्तिचित्र






सरगुजा क्षेत्र के तहसील अंबिकापुर अंतर्गत आने वाले गांव पुहपुटरा, लखनपुर, केना पारा आदि में गांव की महिलाओं द्वारा कच्ची मिट्टी से बनी झोपड़ियों की दीवारों पर गोबर, चाक मिट्टी से आकृति ऊकेरी जाती है। खासकर विभिन्न त्योहारों, धार्मिक अवसरों के समय अपने घरों की सज्जा हेतु दीवारों में कच्ची मिट्टी द्वारा पेड़ पौधों, पशु पक्षियों आदि की आकृतियां बना कर उनमें अनेक रंग भरे जाते हैं जिससे देखने में आकर्षक लगते हैं। यहां यह कला रजवार भित्ति चित्र कला के नाम से जानी जाती है। देश विदेश में इन भित्ति चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है, जिसमें करमा माता की पूजा, करमा नाच, राहगीर, बैलगाड़ी, मछली पकड़ने का दृश्य गोधूलि बेला तथा श्रृंगार की हुई ग्रामीण युवतियों के चित्रों को मूल विषय बनाया जाता है।





लोक साहित्य
कौस्तुभ मणि द्विवेदी


## जनपदीय भाषा म छत्तीसगढ़ी लोक भाषा के महत्व



छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य म इंहा के जन जीवन अनवरत चले आवत हे, परंपरा, कविता, विश्वास अउ आदर्श आज घलो सुरक्षित हे, ए अंचल के अपन एक पुरातन विराट फलक हे। मिले लोक साहित्य म हमन ल ए सत्य के उदाहरण मिलथे। लोक साहित्य ले लोगन मन के हिरदे छलक आथे, एमा लोक जीवन के जतना सहज अउ यथार्थ वर्णन मिलथे, ओतका दूसर साहित्य म नई मिलय। काबर कि ये ह कतको बछर ले लोगन मन ले रूप ल बदलत आगू बढ़त रहिथे अउ बढ़त रही। कोनो भी साहित्य के मूल्य सापेक्ष होना असाधारण गोठ नोहे, असल बात तो मूल्य ल सार्थकता प्रदान करे बर हे, कभू तो होथे ए कि मनखे जीवन के आदत दोष पूर्ण या दुर्बल होथे फेर मूल्यांकनकर्ता के नाते हम ओला निजी संतुष्टि बर बढ़ा चढ़ा के रख देथन। आज छत्तीसगढ़ी साहित्य हिन्दी के आधुनिक युग के बरोबर बहत हे। दूसर डहन अपन लोक साहित्य के विशिष्टता के आधार म अपन मौलिकता ला पूरा रूप ले बनाए रखे हन। एकरे सेती जनपदीय भाषा मन म छत्तीसगढ़ी लोक भाषा के अपन अलग महत्व हे।

लोक गीत
डा. राजन यादव

## छत्तीसगढ़ के लोक गीतों में रचे बसे हैं भगवान राम




छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में श्रीराम कथा और पावन प्रसंगों को सम्मान पूर्वक गाया जाता है। जिसमें नवधा रामायण, मानस यज्ञ, अखंड मानस पाठ, सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, रामरमिहा-कीर्तनियां, चऊमासा रामायण, अखंड कीर्तन, साप्ताहिक मानस मण्डलियां इत्यादि में श्रीराम कथा स्तुति की जाती है। यहां के उत्सवों, नृत्यों, लोककथाओं, पहेलियों, कहावतों व मुहावरों में राम कथा की स्पष्ट छाप है। राजा शबर की सुपुत्री शबरी के आश्रम में श्रीराम का आगमन मतंग ऋषि की भविष्यवाणी को लोक गायक आज भी गाते हैं। एक गीत का अंश-

सबरी आहीं दुनों भईया तोरो कुटिया में।
मीठही मिठही कुंदरू बोइर रोज सकेलत रइबे,
आहीं जब दशरथ के बेटा तै खाए बर कइबे,
पक्का खाहीं रघुरइया तोरो कुटिया में।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

जयंती विशेष
डा. वेदवती मंडावी




# छत्तीसगढ़ में भी अपने शौर्य का प्रदर्शन की वीरांगना दुर्गावती ने

वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 'सन 1524 को कालिंजर में हुआ था। आज से लगभग 480 साल पूर्व नर्मदा नदी के किनारे गढ़ मंडला नामक गोंडवाना राज्य विशाल भूभाग में फैला था, जिसमें कुल 52 गढ़ एवं 57 परगना थे। इस साम्राज्य में प्रतापी राजा संग्राम शाह थे। जिनके पुत्र दलपत शाह और कुल वधू दुर्गावती थीं। उन्होंने अपनी पुत्री को वीरों की तरह तलवार चलाना, तीर कमान चलाना और घुड़सवारी करना सिखाया था ताकि वे अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। कुंवर दलपत शाह भी अत्यंत सुंदर, गठीला तथा परमवीर था। उसका शौक शेरों का शिकार करना था। कीर्ति वर्मन ने अपनी पुत्री का विवाह कुंवर दलपत शाह के साथ कर दिया। 7 वर्षों के सुंदर वैवाहिक जीवन के उपरांत दलपत शाह की मृत्यु हो गई। 1550 में दलपत शाह की मृत्यु के पश्चात शासन की बागडोर अपने हाथों में ले ली। उन्होंने 15 वर्षों तक सफलतापूर्वक गोंडवाना राज्य का संचालन किया।

रानी दुर्गावती की राज्य सीमा के अनुसार सागर, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल,




बालाघाट, राजनांदगांव जिले का संपूर्ण भाग, बिलासपुर, नागपुर जिला का उत्तरी भाग, भंडारा जिला, होशंगाबाद आदि उनके अधीन राज्य में था।

इनके 52 गढ़ में ग्रामों की संख्या अधिकतम 750 और कम से कम 350 गांव की संख्या थी। गोंडवाना राज्य धन-धान्य से परिपूर्ण था अतः अन्य पड़ोसी राज्यों के राजा दुर्गावती से बार-बार युद्ध करते थे मालवा के राजा बाज बहादुर ने तो तीन बार युद्ध किया और हार गया। दुर्गावती मुगल बादशाह अकबर की समकालीन शासिका थी और उनके प्रमुख सेनापति आधार सिंह था। अकबर बादशाह को दुर्गावती की बहादुरी एवं सुंदरता का पता चल चुका था तब उन्होंने अपनी साम्राज्यवादी नीति के तहत गोंडवाना साम्राज्य को आधिपत्य करने अपने सेनापति आसफ खान को भेजा। पहले तो आसफ खान ने दुर्गावती को मनाने का प्रयास किया, किंतु असफल होने पर उन्होंने 1564 में 6000 घुड़ सवार तथा 20 हजार पैदल सेना की फौज भेज कर गोंडवाना साम्राज्य पर आक्रमण कर दिया। 23 जून 1564 की सुबह दोनों सेनाओं का सामना हुआ इस युद्ध में महारानी स्वयं युद्ध का संचालन कर रही थी। इसी समय उनका पुत्र वीर नारायण शत्रु से लड़ते हुए घोड़े से गिर गए। रात्रि होने पर जब सभी तरफ की सेनाएं अपने-अपने खेमे में विश्राम कर रहे थे तब रानी सुरक्षित युद्ध की योजना बना ली थीं। किंतु किसी ने यह भेद शत्रु तक पहुंचा दिया। जिसके कारण युद्ध के मैदान में महारानी अपने शत्रुओं से घिर गईं। 24 जून की मैदानी लड़ाई में एक तीर अचानक उनकी आंख में लगी जिसे रानी तिनके की तरह निकाल फेंकी। किंतु दूसरा तीर लगने पर उन्हें लगा कि मुगल के हाथों में मृत्यु को वरण करने से अच्छा है कि वह अपने हाथों से स्वयं को कटार भुंककर इच्छा मृत्यु को वरण कर लिया। कहते हैं की उनका स्वामी भक्त हाथी सरमन नीचे गिरी हुई रानी को लेकर बैठ गया और किसी को छूने तक नहीं दिया। नरई नाले के पास उसी जगह पर रानी की समाधि आज भी गोंडवाना साम्राज्य की विशालता का प्रतीक है।

आस्था : गजानंद प्रसाद देवांगन

# रहस्यों से भरा नागाबेली दहरा



गरियाबंद जिले में ग्राम कोसमी ( छुरा ) गांव में बहुत बड़ा और पुराना तालाब को नागाबेली दहरा नाम से जानते हैं। डोंगरी के पास ही यह तालाब काफी गहरा और दलदल युक्त है। इस तालाब में बड़ी बड़ी मछलियां भी हैं। इस तालाब में जितने भी डूबे उनका कभी पता नहीं चला। इस रहस्यमयी घटना के पीछे कारणों का आज तक पता नहीं चला। लोगों का मानना है कि इस तालाब में देव मछली का निवास है, जिसे पकड़ने के लिए किसी ने आज तक हिम्मत नहीं जुटा पाया। प्रयास भी किए गए पर सारे प्रयास असफल होते रहे। यहां लोगों की मान्यता है कि देव मछली के अग्र भाग में सोने की नथ जड़ी हुई है जो अपने भक्तों को दिखाई देती हैं। अनेक चमत्कारी घटनाओं के कारण इस स्थान को टेंगनाही डोंगरी के नाम से भी जानते हैं। पहले इस तालाब में पुस्तैनी मछली मारने का काम एक परिवार करता था, बाद में इस परिवार ने मछली मारना और खाना छोड़ दिए। साथ ही भक्ति भाव से तालाब की पूजा पाठ में लगा यह परिवार जड़ी बूटी के माध्यम से असाध्य रोगों का इलाज करते हैं, जिसमें स्वास्थ्य लाभ लेने लोग दूर दूर से यहां आते हैं, जो तालाब की विधिवत पूजा अर्चना भी करते हैं।

सुरता
प्रो. अश्विनी केशरवानी

# अनेक विधाओं में लेखन किए प. अमृतलाल दुबे



बिलासपुर के अरपा पार सरकंडा के भैरव प्रसाद दुबे और राम बाई के इकलौते पुत्र के रूप में अमृतलाल दुबे का जन्म 01 अगस्त 1925 को हुआ। स्नातक की परीक्षा पास होने के बाद वनवासी सेवा मंडल में क्षेत्राधिकारी के रूप में धरमजयगढ़ में पदस्थ हुए। एम ए करने के बाद म. प्र. आदिम जाति कल्याण विभाग में क्षेत्र संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दी। साथ साथ लेखन में रूचि होने के कारण 1953 में प्रयास प्रकाशन द्वारा उनकी हिन्दी छत्तीसगढ़ी कविताओं का संग्रह ' मानस मुकता ' का प्रकाशन हुआ। आपकी रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी अंबिकापुर, रायपुर और इंदौर केंद्र से होता रहा। आपने ददरिया को भी अच्छे ढंग से रेखांकित करने का प्रयास किया है। उनके एक गीत की बानगी -

परसा के साड़ी विराले पड़वा,
तोर आई गए जवानी गड़ाले मड़वा।
तोला कोनो नई Only
झूमय माच्छी,
बीन ले लुगरा दिए आंधी।

1963 में म. प्र. आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उनके लोकगीतों के संग्रह को प्रकाशित की गई तथा इसी पुस्तक पर ईसूरी पुरस्कार प्रदान किया गया। अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक लेखन करते रहे तथा 55 वर्ष की अल्पायु में 02 अप्रैल सन 1980 को देहावसान हो गया।

ऐतिहासिक: डा. टी. आर. रामटेके

# बिलासपुर संभाग में स्थित रहा बच्छौदगढ़

गुप्तकालीन चौथी शताब्दी इसवी का ईट निर्मित मंदिर खरौद में है। खरौदगढ़ को कलचुरी शासकों ने भी अपने राज्यकाल में गढ़ के रूप में उपयोग किया था। वर्तमान में खरौदगढ़ की खाई व मिट्टी के परकोटे के सिर्फ कुछ अवशेष उपलब्ध हैं।

बिलासपुर संभाग मुख्यालय व जांजगीर जिला मुख्यालय से 35 कि मी दूरी पर बलौदा शहर से 5 कि मी दूरी पर स्थित है। गढ़ से एक कि मी दूरी पर लीलागर नदी है। गढ़ के प्रमुख प्राकार की भूतल पर चौड़ाई 45 मी व ऊंचाई 10 मी है। उसके बाहर की ओर परिंखा की चौड़ाई 50 मी व गहराई 15 मी है। प्राकार के भीतर की परिंखा की चौड़ाई 20 मी व गहराई 10 मी है। प्राकार के भीतर गढ़ का व्यास 250 मी है। गुप्तकालीन चौथी शताब्दी इसवी का ईट निर्मित मंदिर खरौद में है। खरौदगढ़ को कलचुरी शासकों ने भी अपने राज्यकाल में गढ़ के रूप में उपयोग किया था। वर्तमान में खरौदगढ़ की खाई व मिट्टी के परकोटे के सिर्फ कुछ अवशेष उपलब्ध हैं। उत्तरी भारत के मगध साम्राज्य से छत्तीसगढ़ की रक्षा हेतु रामगढ़ में पहाड़ी किले का निर्माण शरभपुरीय शासकों द्वारा किए जाने का अनुमान लगाया जाता है, क्योंकि गुप्त सम्राट समुद्र गुप्त के इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख में कोसल के राजा महेंद्र की पराजय का उल्लेख है। शरभपुरीय वंश के शासकों ने मल्हारगढ़ को ही शरभपुर के रूप में अपनी राजधानी बनाया।



# जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की ऊल-जलूल टिप्पणियों पर भारत की खरी-खरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर पड़ोसी दुश्मन देश को कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में कहा है कि पाकिस्तानी मंत्री का यह बयान साफ तौर पर उनके द्वारा अपने खुद के देश की नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकार उल्लंघन से ध्यान भटकाने का महज एक हताशा भरा प्रयास है। जिसे हम सिरे से खारिज करते हैं। यह जानकारी 23 जून को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। यहां बता दें कि पाकिस्तान के मंत्री ने भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के बाद स्थगित की गई सिंधु जल संधि और जम्मू-कश्मीर के हालात पर टिप्पणी की थी। जिसके तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह करारा जवाब सामने आया है।

### यूएई संग मजबूत संबंध चाहता भारत

उन्होंने भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री करने से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि यूएई के साथ भारत के रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ संबंध हैं। जिन्हें हम और अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं। रक्षा प्लेटफार्म की बिक्री या खरीद के मुद्दे पर विस्तृत जानकारी रक्षा मंत्रालय द्वारा दी जाएगी। पश्चिम-एशिया तनाव के बीच यूएई को ब्रह्मोस की बिक्री करने से कहीं, भारत संघर्ष को और अधिक भड़काने में योगदान तो नहीं दे रहा है? इस प्रश्न पर जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी है। हमारे संबंध भी काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें रक्षा भागीदारी का भी अहम योगदान है।

## अपनी नाकामियों, मानवाधिकार उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिश : जायसवाल

### पीओके में जारी पाकिस्तान का दमन



उन्होंने यह भी कहा कि हमने इस मामले पर कुछ मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया है। भारत की तरफ से कुल मिलाकर पाक मंत्री की टिप्पणियों का संबंध उनके द्वारा अपने देश की तमाम विफलताओं पर पर्दा डालने और मानव- अधिकारों के लगातार होते हनन से ध्यान भटकाने की कोशिशों के अलावा और कुछ नहीं है। हम इन सभी झूठे और बनावटी दावों को दो टूक अंदाज में नकारते हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध-प्रदर्शन पाकिस्तान की उस दशकों पुरानी नीति का परिणाम है। जिसके तहत उसने अवैध और बलपूर्वक कब्जा किए हुए क्षेत्रों में व्यवस्थित रूप से आर्थिक शोषण को अंजाम दिया है। जिसमें मौलिक अधिकारों का हनन और प्रशासनिक उत्पीड़न भी शामिल है। यह ऐसा चक्र है जिसमें क्षेत्र के लोगों को उनके बुनियादी अधिकारों से महरूम रखा जाता है और उनका प्रशासनिक दमन किया जाता है। निहत्थे लोगों को और उनके खिलाफ अत्यधिक पुलिस बर्बरता, आवश्यक आपूर्ति-दवाओं का अवरोध, इंटरनेट ब्लैकआउट और घातक बल प्रयोग का इस्तेमाल किया जाता है।

### अपनी स्वेच्छा से हवाईअड्डे से लौटे रहमान

मंत्रालय के प्रवक्ता ने बांग्लादेश से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, पड़ोसी देश से ऐसी कुछ खबरें आई हैं। जिनके मुताबिक, वहां कुछ हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर उन्हें अपवित्र किया गया है और इसी के चलते वहां हिंदुओं ने विरोध-प्रदर्शन भी किए हैं। मामले पर भारत यही उम्मीद करता है कि बांग्लादेश की सरकार चरमपंथियों पर अंकुश लगाएगी और पड़ोसी देश में रह रहे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करेगी। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार जाहिद उर रहमान के बीते दिनों इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वापस लौटने के मामले पर रणधीर ने कहा कि वह इसी महीने 14 जून को सार्क वीजा के साथ निजी पासपोर्ट पर भारत की यात्रा पर आए थे। जिसका उद्देश्य रिम एसोसिएशन की 28वीं बैठक में भाग लेना था। लेकिन आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे पर रोककर उनसे कुछ जरूरी पूछताछ की थी। जिसमें यह पता चला कि वह एक बहुउद्देशीय बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे।

### भगोड़े अपराधियों पर जारी कानूनी प्रक्रिया

रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के एक प्रश्न के जवाब में कहा कि ललित मोदी और विजय माल्या जैसे भारत के आर्थिक भगोड़े अपराधियों के मामले को लेकर अभी फिलहाल कानूनी प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही इनके संबंध में विस्तृत जानकारी आएगी। वह मीडिया के साथ साझा की जाएगी। जहां तक ललित मोदी द्वारा अपना भारत का अपना पासपोर्ट लंदन में भारतीय उच्चायुक्त में सरेंडर करने का मामला है। तो इसे लेकर अभी फिलहाल मेरे पास जानकारी नहीं है। बाद में, मैं इसकी पुष्टि करूंगा।

---

भारतीय वायुसेना ने मामले पर साफ की पूरी तस्वीर

## पाक के सारे दावे झूठे हैं सभी 36 राफेल सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए चलाए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के दौरान पाकिस्तान ने भारत के कुछ लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। जिसमें राफेल भी शामिल थे। पड़ोसी दुश्मन देश के इस झूठे और बेबुनियाद दावे की भारतीय वायुसेना ने पूरी तरह से पोल खोलकर रख दी है। दरअसल यह पूरा मामला वायुसेना मुख्यालय द्वारा इसी जून महीने में फ्रांस की सेफ्रॉन एयरक्राफ्ट कंपनी को जारी किए गए उस ब्रिज टेंडर से जुड़ा हुआ है। जिसमें देश के इस प्रमुख हवाई सुरक्षा बल ने नई दिल्ली के पास मौजूद सभी 36 राफेल विमानों के रखरखाव और तकनीकी सहायता को बनाए रखने पर जोर दिया है। वायुसेना ने कहा कि उसके जंगी बेड़े में मौजूद सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान पूरी तरह से सुरक्षित और सक्रिय हैं। यह तथ्य अपने आप ही इस बात की पुष्टि करता है कि वायुसेना के किसी विमान को अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

---

ब्रिक्स एनएसए की बैठक में बोले डोभाल

# अमेरिका-ईरान समझौते से खत्म होंगी सप्लाई चेन से जुड़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में ब्रिक्स समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने पश्चिम-एशिया क्षेत्र सहित खाड़ी के इलाके में जारी युद्ध के मध्य शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद होर्मुज स्ट्रेट के एक बार फिर से खुलने का स्वागत करते हुए कहा कि यह एमओयू वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को स्थिरता प्रदान करेगा और इसकी मदद से प्रमुख उत्पादों और उर्वरकों को लेकर आ रही तमाम बाधाएं भी दूर होंगी। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर ब्रिक्स एनएसए की बैठक के बारे में जानकारी साझा की है। बैठक के बाद ब्रिक्स एनएसए, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट की।

### 2026 में भारत के पास ब्रिक्स की अध्यक्षता

भारत के पास इस वर्ष ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। जिसके तहत पिछले मई महीने में समूह देशों के विदेश मंत्रियों की एक बैठक आयोजित की गई थी और अब 23 जून को ब्रिक्स के एनएसए की बैठक आयोजित की गई है। आगामी वक्त में कुछ अन्य बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं, मौजूदा साल खत्म होते-होते भारत की मेजबानी में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भी होगा। उधर, विदेश मंत्रालय ने अपने अधिकृत बयान में बैठक में शामिल किए गए तमाम विषयों के बारे में जानकारी दी है। साथ ही कहा कि सभी सदस्य देशों ने 2026 में समूह की अध्यक्षता को लेकर भारत को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करने की घोषणा की है।



**इन मुद्दों को भी उठाया :** बैठक में भारत के एनएसए ने कुछ अन्य मामलों को भी समूह देशों के अपने तमाम समकक्षों के सामने मजबूती से उठाया है। जिसमें वर्तमान में बनी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और आर्थिक दबाव जैसे मामले मुख्य हैं। उन्होंने इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए समूह देशों के अहम योगदान की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। डोभाल के मुताबिक, हम सतर्कता के साथ आशावादी बने हुए हैं और हमें उम्मीद है कि यह एमओयू काम करेगा। खासतौर पर ऊर्जा सुरक्षा के मामले में इससे काफी लाभ होगा।

### बहुध्रुवीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी

डोभाल ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का खुलना एक स्वागत योग्य गतिविधि है। जिससे सप्लाई चेन में आ रही परेशानियां दूर होंगी और उर्वरक तथा केमिकल जैसे क्षेत्रों में कमी की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने तमाम वैश्विक चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमारी आज की मुलाकात एक बेहद उथल-पुथल वाले अंतरराष्ट्रीय माहौल में हो रही है। दुनिया में एक ओर भू-राजनीतिक अनिश्चितता है। वहीं, दूसरी ओर आर्थिक दबाव और बाधा पहुंचाने वाली तकनीक मौजूद हैं। ऐसे में केवल इन खतरों से चिंता नहीं बढ़ रही है।

### बैठक में रही इनकी मौजूदगी

ब्रिक्स एनएसए की बैठक में भारत के अलावा चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, ईरान की एसएनएससी के उप-सचिव गदिर निजामीपुर सहित अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सुरक्षा प्रतिनिधि शामिल हुए। अपने कई समकक्षों के साथ भारतीय एनएसए की द्विपक्षीय बैठकें भी हुई हैं। ब्रिक्स समूह दुनिया की 11 उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। जिसके वास्तविक सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका हैं।

### शांति, प्रगति, सहयोग में ब्रिक्स का विश्वास

डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स का उद्देश्य बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती प्रदान करना था। समूह वैश्विक संस्थानों में सुधार का भी पक्षधर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स एक ऐसा समूह है। जिसमें शामिल देश शांति, प्रगति, विकास और सहयोग में विश्वास रखते हैं। बैठक में आतंकवाद रोधी मुद्दे पर समूह के दो संयुक्त कार्यसमूहों के परिणामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। हमें नए सुरक्षा खतरों, चुनौतियों को लेकर और अधिक सजग रहना पड़ेगा।

---

सीआईएसएफ और समुद्री विवि के बीच समझौता

## समुद्री एवं बंदरगाह सुरक्षा प्रशिक्षण को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बंदरगाह सुरक्षा प्रबंधन में पेशेवर क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए और के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता मंगलवार को भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय मुख्यालय के बीच संपन्न हुआ। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान समुद्री सुरक्षा, बंदरगाह सुरक्षा प्रबंधन, क्षमता निर्माण, अनुसंधान, परामर्श सेवाओं तथा प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग करेंगे। पांच वर्षों के लिए प्रभावी यह समझौता भारत में समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग और विशेषज्ञता को नई मजबूती प्रदान करेगा। संयुक्त रूप से विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विकसित करेंगे। इसके अलावा दोनों संस्थान समुद्री सुरक्षा से जुड़े उभरते विषयों पर अनुसंधान, पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक सहयोग, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देंगे।

### आरएसओ कोर्स की पहली बैच शुरू

समझौते के तत्काल क्रियान्वयन के तहत भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में 'रिकॉग्नाइज्ड सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन' (आरएसओ) कोर्स की पहली बैच का शुभारंभ भी किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीआईएसएफ के अधिकारियों और कर्मियों को समुद्री एवं बंदरगाह सुरक्षा के विशेष क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सीआईएसएफ में समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों का एक प्रशिक्षित और दक्ष समूह तैयार किया जाएगा।

---

## एनएचएआई ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सड़क परिवहन क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को मजबूत करने और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

- परिवहन, गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को सुदृढ़ करने और अनुसंधान बढ़ावा देने की पहल

इसके तहत एनसीएईआर में एनएचएआई सेंटर फॉर इकॉनमिक्स ऑफ ट्रांसपोर्टेशन, मोबिलिटी एंड लॉजिस्टिक्स की स्थापना की जाएगी, जो परिवहन, गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स के अर्थशास्त्र को समर्पित भारत का पहला स्थायी और स्वतंत्र अनुसंधान केंद्र होगा। इस केंद्र की स्थापना एनएचएआई के प्रारंभिक योगदान से की जा रही है।

## नई दिल्ली में होगा भारत-जापान के बीच शिखर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच प्रस्तावित अगला शिखर सम्मेलन असम की राजधानी गुवाहाटी में नहीं होगा। बल्कि अब इसका आयोजन देश की राष्ट्रीय राजधानी यानी नई दिल्ली में किया जाएगा। जिसके लिए 1 से 3 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। मामले से परिचित लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की व्यस्त घरेलू प्रतिबद्धताओं और रसद संबंधी चुनौतियों को देखते हुए इस महत्वपूर्ण आयोजन के स्थान में यह बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि जापान की पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ताकाइची की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। जिसमें वह पीएम मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक भाग लेंगी। वार्ता के दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सामरिक साझेदारी और साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया जा सकता है।

- जापान की पीएम ताकाइची के व्यस्त कार्यक्रम, रसद से जुड़ी चुनौतियों के कारण लिया गया यह निर्णय


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त - बिलासपुर**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र.-28**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त - बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य के तहत (1) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरदा, ब्लॉक पाली, जिला कोरबा में आवासीय भवन का शेष निर्माण कार्य (2) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रंजना, ब्लॉक कटघोरा, जिला कोरबा में आवासीय भवन का शेष निर्माण कार्य (3) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान, ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा, जिला कोरबा में आवासीय भवन का शेष निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो.नं. 9907285405 पर संपर्क करें

S-48248/1 उपायुक्त

**Public Works Department**
**Government of Maharashtra**
**Request for Proposal (RFP)**
**e-Tender Notice No.09/for 2026-27**
**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

1. Proposals are hereby invited from eligible Consultants for preparation of Detailed Project Report for the works set out in Schedule – 4 of the Terms of Reference (TOR), for the preparation and Feasibility Study cum DPR, Survey and Preparation of Land Plan including social, environmental and CCA mitigation study for widening to two lane with Paved Shoulders to various roads as per package mentioned in Enclosure IV of TOR in the State of Maharashtra with financial aid of Multilateral Development Banks (Under EPC mode) **PACKAGE NO.- DPR Package 7** online mode on the e-tender portal of the Government of Maharashtra i.e. http://mahatenders.gov.in The RFP can be downloaded from **Dt. 24.06.2026 at 10.00 hrs. to Dt. 01.07.2026** at 15.00 hrs. hours on payment of a non-refundable fee of Rs. 15,075/- (Rupees Fifteen thousand Seventy Five only) including GST & EMD of Rs. 5,00,000/- (as per clause no.2.20.1 of RFP) at the time of download of the RFP.
2. All the payment towards cost of Tender forms and EMD shall be online only through RTGS/ NEET. It should be noted that one should complete these activities at least one day in advance. No other mode of payment other than online mode shall be accepted.
3. All eligible/ interested consultants who want to participate in tendering process should compulsory get enrolled on e-tendering Portal "http://mahatenders.gov.in" and further need to empanel online on sub portal http://pwd.maharashtra.etenders.in the appropriate category applicable to them.
4. Phone and email support:
   For any technical related queries, please call the 24 X 7 Help Desk Number, 0120-4001 002, 0120-4001005, 0120-6277787
   International Bidders are requested to prefix 91 as country code.
   Technical: support-eproc@nic.in
5. Other terms and conditions are detailed in online e-tender form. Right to reject any or all online bids of work, without assigning any reasons thereof, is reserved with department/authority.
6. Hard copy of original Request for Proposal (RFP) (Technical Bid) and its offer (Financial Bid) to be submitted in the Office of the Superintending Engineer, Raigad P.W.Circle, Konkan Bhavan, Navi Mumbai/ Executive Engineer, P.W. Division, Panvel at **03.07.2026** (Upto **15.00** Hrs.)
7. The following schedule is to be followed for this assignment:
   (I) Deadline for downloading of bid: 15:00 hours of dt 01.07.2026
   (II) Last date for submission of queries: 11:00 hours of dt 25.06.2026
   (III) Pre-Bid Meeting: 12:00 hours of dt. 25.06.2026
   (IV) Deadline for Submission of bids: 15:00 hours of dt 01.07.2026
   (V) E-Tender opening date: 15:00 hours of dt. 03.07.2026

**Outward No :PNL/TC/**
**Office of the Executive Engineer**
**Public Works Division, Panvel**
**Dated:**

Sd/-
**EXECUTIVE ENGINEER, PUBLIC WORKS DIVISION, PANVEL**

आरओसी 2026-27/ क्र.-5/ C 1267

**CORRIGENDUM**

Date: **22-06-2026**

This Office Advertisement no. CCC/**2026/68/207** Dated 21/05/2026, regarding the Walk-in Interview notification for filling temporary project positions under the project "Strengthening State Centre for Climate Change/Climate Change Cell under NMSKCC (SCCC-NMSKCC) in the State of Chhattisgarh", is being postponed due to unavoidable circumstances.All interested candidates are advised to regularly visit the official website of the Chhattisgarh State Centre for Climate Change (CGSCCC) for further updates and information.

Sd/-
**Nodal Officer**
**Chhattisgarh State Centre for Climate Change**
**Aranya Bhawan, Sector-19**
**Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh**

G-262701670/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक 08/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2026
गरियाबंद, दिनांक 19-06-2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम बिजली नलजल प्रदाय योजना में 60 कि.ली. क्षमता 12 मी. स्टेजिंग उच्चस्तरीय जलागार का मरम्मत कार्य। शेड्यूल अनुसार | 3.60 लाख | 2700/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 08-07-2026 तक देखी जा सकती हैं।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**गरियाबंद (छ.ग.)**

G-262701658/3

**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त नामांतरण अपील वाद सं0– 08/2021–2022 छोटन पाण्डेय बनाम् सुनीता देवी वगैरह में द्वितीय पक्ष के क्र0सं0– 02 सरस्वती देवी पति– जमुना प्रसाद सोनी ग्राम– रंका कला, पो0– रंका, थाना– रंका जिला– गढ़वा को रंका थाना के माध्यम से नोटिस भेजा गया, तामिला प्रतिवेदन में उल्लेखित है कि प्रत्यार्थी सं0– 02 सरस्वती देवी अपना भूमि बिक्री के बाद रामानुजगंज (अम्बिकापुर) छ:ग रहने लगे। प्रत्यार्थी के सूचनार्थ यह प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कराया जा रहा है। प्रत्यार्थी को निदेश दिया जाता है कि प्रेश विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर भूमि सुधार उप समाहर्ता, रंका के न्यायालय में आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। समय–सीमा समाप्ति के उपरांत वाद की एकपक्षिय कार्रवाई की जायेगी।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका।

PR 383045 (Land Reforms) 26-27 (D)

**कार्यालय जनपद पंचायत जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक,1962/ज.पं./2026 जगदलपुर, दिनांक 22/06/2026

**BOT पद्धति से मिनी यूनीपोल स्थापित करने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना पत्र**

जनपद पंचायत जगदलपुर अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जो मुख्य सडक से जुडे हुए है उन पंचायतों के चौक चौराहों में बी.ओ.टी. आधार पर मिनी यूनीपोल (साईज 15' x 9') लगाने हेतु मोहरबंद निविदा पद्धति में 27.07.2026 दोपहर 3:00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से जनपद पंचायत जगदलपुर में आमंत्रित की जाती है। संपूर्ण जानकारी एवं निविदा फार्म कार्यालयीन दिवस में निविदा शुल्क जमा करके (कार्यालय जनपद पंचायत जगदलपुर के कक्ष क्रमांक 05 से) प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 30.07.2026 को संध्या 4.00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी ।

अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर स्थापना शाखा तथा जिले के वेब साईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अमानत राशि एफ. डी. आर. के रूप में | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.ओ.टी. आधार पर मिनी यूनीपोल (साईज 15'x9') | राशि - 10000.00 | राशि- 5000.00 |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत -जगदलपुर**

S-48243/1

**इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, छत्तीसगढ़**
(संगीत, नृत्य एवं ललित कलाओं का विश्वविद्यालय)
**Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya Khairagarh, Chhattisgarh**
(University of music, Dance and visual arts)

क्रमांक /951/इं.क.सं.वि./स्था.वि./2026/ खैरागढ़, दिनांक 22/06/2026

**इश्तिहार**

**सार्वजनिक सूचना / अंतिम अवसर सूचना**

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश एवं छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में पदस्थ भृत्य श्री भारत लाल ध्रुव पिता श्री पलट राम ध्रुव, निवास - ग्राम बोईरझिटी, पोस्ट - तुलसी (मानपुर) वाया हिरमी, तहसील तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) दिनांक 03.12.2021 से निरंतर बिना किसी सूचना एवं अनुमति के कर्तव्य से अनुपस्थित हैं।विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस / अंतिम सूचना उनके अंतिम ज्ञात पते पर प्रेषित की गई, परंतु डाक वापस हो गई। पड़ोसियों से संपर्क करने पर भी उनका वर्तमान पता ज्ञात नहीं हो सका। अतः उक्त कर्मचारी को निर्देशित किया जाता है कि वे इस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर कुलसचिव कार्यालय, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में उपस्थित होकर अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करें। अन्यथा उनके विरुद्ध छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत सेवा-व्यवधान मानते हुए "दीर्घशास्ती" की विभागीय जांच प्रारंभ कर एकपक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।

**कुल सचिव**
**इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़**

S-48251/1

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल" भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी भाटापारा/13-05/2026-27/1890 रायपुर, दिनांक 22/06/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्रांतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.07.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 22.07.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | निविदा राशि (लाख में) | एस.ओ. आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | वि.ख. सिमगा के ग्राम पंचायत मर्राकोना में मावली माता मंदिर से हिंगलाज तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 16.45 | लो.नि.वि. सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस. ओ. आर. पर। |
| 2 | वि.ख. सिमगा के ग्राम पंचायत मर्राकोना में मावली माता मंदिर से अंगरा (नाला) तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 16.07 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है ।

सही /-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

सही /-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

S-48250/2



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

लाइफ Style



# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी





शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ



की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई।


टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे


**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान फिल्म 'रूह' की घोषणा



**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है।

# 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur-6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम पीपी1- पीपी2 एवं 6वीं से 10वीं सभी विषय, पहली से 8वीं कम्प्यूटर टीचर, 11वी-12वी फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायो, गणित, हिंदी हेतु शिक्षिकाओं, कम्प्यूटर ऑपरेटर, क्लर्क, आयाबाई, चपरासी। साक्षात्कार 25.06.2026, प्रात: 10 बजे कसार गली, सत्तीबाजार: 0771-2241548. (RO-091)

आवश्यकता है- ज्ञान भारती हायर सेकेंडरी स्कूल में फिजिक्स, मैथ्स, बायो, केमेस्ट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंग्रेजी सब्जेक्ट हेतु शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 10 से 15 हजार योग्यताअनुसार संपर्क MIG 1068 के सामने वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर मोबाइल- 8319496635.(RO-868)

आवश्यकता है- SANSKAR MODEL SCHOOL ANJORA REQUIRED ENGLISH MEDIUM POST-GRADUATE TEACHERS FOR CLASS NURSERY TO 12 ALL SUBJECTS M.ED, B.ED , D.EL.ED COMPULSORY 9425247392, 9202329113, संपर्क- संस्कार मॉडल स्कूल अंजोरा (RO-298)

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

### सेल्सगर्ल/आपरेटर

आवश्यकता है- फटाका दुकान में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्स गर्ल (युवती) की। आवेदन एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- फटाका एण्ड फटाका भण्डार, फूलचौक, रायपुर, तेज शंकर गोयल- 9300636079, 8770286674. (RO-092)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- पंचकर्म थेरेपिस्ट ,पुरुष 2, महिला 2 , सैलरी -7000/-10000/-, पता - माधवबाग आयुर्वेदिक क्लीनिक, स्मृति नगर, भीलाई, छ. ग. समय -10 से शाम 07 , सम्पर्क -7000836094. (RO-299)

### आया/ड्रायवर/असिस्टेंट

आवश्यकता है- आया बाई 3, बढ़ाई ड्राइवर Computer technician सफाई कर्मी 2, लैब assistant संपर्क: model english school civil lines raipur Call ya Whatapp kre 9425214413, 8305233335, 8770246890.(RO-157)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- राखी दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। संपर्क करें- गोपी राखी बंजारी रोड रवि भवन के पास रहमानिया चौक रायपुर संपर्क- 7024636503, 9827180503. (RO-866)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर खम्हारडीह में घर की कार चलाने के लिए एक कुशल अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9579931943.(RO-41230)

### कुक/सफाई कर्मी

आवश्यकता है- रायपुर में पालतू कुत्तों के लिए खाना बनाना, साफ़ सफाई और उनके कपड़े बर्तन धोने के लिए बाई चाहिए। साथ ही घर की साफ सफाई, झाड़ू, कपड़ा, बर्तन। सुबह शाम का काम है। वेतन 6000 महीना। संपर्क - 7987155452.(RO-093)

### घरेलु महिला सहायक

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए (18–40 वर्ष)। 24 घंटे रहना होगा, रहना-खाना मुफ्त। खाना बनाना नहीं - घर के बाकी सभी काम। अनुभवी हों। महीने में 2 छुट्टी। स्थान: न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। संपर्क: 8305037010. (RO-901)

### सुपरवाइजर/इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- पचपेड़ी नाका में कार्य हेतु हाउसकीपिंग सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर (लक्जरी ऑटोमैटिक कार अनुभवी), सुरक्षा गार्ड (रहने की सुविधा उपलब्ध) पाँच वर्षीय अनुभवी संपर्क करे- 9425288233. (RO-680)

### ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता - जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085533493. (Ro-367)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 - 42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891.(RO-091)

## Property प्रापर्टी

मकान बेचना है- दो बेडरुम दोनों में अटेच्ड लैटबाथ, हॉल किचन, बालकनी.आनंदपुरम सोसाइटी फेस 2, फस्ट फ्लोर .650 स्क्वायर फुट संपर्क करें- 6266033910.(आरो -300)




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### थोड़ी रंजिश, थोड़ा ....

करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 6 जून को खर्वे गांव के ग्रामीणों ने कसडोल एसडीओपी को आवेदन सौंपा। इसमें फरवरी से 14 मई के बीच गांव में हुई 8 संदिग्ध मौतों की जांच और राम सहाय जायसवाल पर शक जाहिर किया गया था। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 7 मृतकों के शवों को कब्र से बाहर निकलवाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेकाहारा (रायपुर) भेजा गया, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम ने बिसरा और डीएनए सैंपल सुरक्षित किए। एक मृतक (बुधराम जायसवाल) का पहले ही दाह संस्कार हो चुका था।

**ऐसे करता था हत्या, किसी को नहीं होता था शक :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले लोगों के साथ बैठकर शराब पीता था और मौका देखकर शराब में जहर मिला देता था। हैरानी की बात तो यह है कि किसी को उस पर शक न हो, इसलिए वह खुद बीमार पड़े लोगों को अस्पताल ले जाने में मदद करता था और कई मामलों में उनके कफन-दफन और अंतिम संस्कार में भी शामिल होता था।

**छोटी- छोटी बातों पर ले ली जान :** पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाले इस मामले में आरोपी ने छोटी-छोटी पुरानी रंजिश, प्रतिशोध, मानसिक कुंठा, चारित्रिक संदेह और टोना-टोटका जैसी धारणाओं के चलते अपने ही परिचित 8 लोगों को मौत के घाट उतार दिया।

**पुलिस को भी करता रहा गुमराह :** इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पूछताछ के दौरान आरोपी ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और खुद को निर्दोष बताया। लेकिन तकनीकी साक्ष्यों, ग्रामीणों के बयान और लगातार पूछताछ के बाद वह टूट गया और एक-एक हत्या की पूरी कहानी कबूल कर ली।

**8 हत्या और 1 हत्या के प्रयास का मामला दर्ज :** पुलिस ने आरोपी रामसहाय जायसवाल पिता देवप्रसाद जायसवाल उम्र 46 वर्ष ग्राम खर्वे के खिलाफ 08 हत्या और 01 हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

इस जटिल और बहुवर्षित मामले का खुलासा पुलिस की सूझबूझ, धैर्य और वैज्ञानिक जांच के दम पर संभव हो सका।

### एक-एक कर बनाए ....

29 अप्रैल: चैतुराम साहू – 50 हजार रुपए के कर्ज और ब्याज से छुटकारा पाने के लिए हत्या।
14 मई: महेतर राम साहू – चुनावी रंजिश और ताने मारने की बात पर हत्या।
इसके अलावा आरोपी ने कार्तिक कुम्हार को भी जहर मिली शराब पिलाई थी, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई।

### ग्रामीण परिवारों को ...

के तहत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, ग्रामीण आधारभूत संरचना निर्माण, आजीविकामूलक परिसंपत्तियों के विकास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत आधारित समेकित विकास, विभागीय योजनाओं के अभिसरण तथा पीएम गति शक्ति से समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। विकास कार्यों की बेहतर कार्ययोजना एवं निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्रणालियों का उपयोग करते हुए पारदर्शिता, सुशासन एवं जवाबदेही को सुदृढ़ किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन में केंद्र एवं राज्य के व्यय का अनुपात 60:40 रहेगा तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य बजट में 4,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### अलका ने छुए पीएम ...

को पद्मश्री दिया गया है। क्रिकेट में विशेष योगदान के लिए रोहित शर्मा को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश केटी थॉमस को जन-सेवा के लिए और मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अलका याग्निक, ममूटी, अमेरिकी डॉक्टर दत्तात्रेयडु नोरी, टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, उद्योगपति एसकेएम माएलानंदन और समाजसेवी व शिक्षाविद वी नटेसन को पद्म भूषण से सम्मानित किया।

## धरने के बीच शिक्षामंत्री ने उड़ाया सीजेपी का मजाक

# 'कॉकरोच जनता पार्टी डिस्टर्ब करने वाले तत्वों की बी टीम'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर जारी है। यह प्रदर्शन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर किया जा रहा है। इस बीच धर्मेंद्र प्रधान का बयान आया है। उन्होंने व्यंगात्मक अंदाज में कॉकरोच जनता पार्टी का मजाक उड़ाते हुए इसे 'डिस्टर्ब करने वाले तत्वों की बी टीम' बताया। धर्मेंद्र प्रधान ने यह बात एनडीटीवी के साथ बात करते हुए कही। उन्होंने आगे कहाकि लोकतंत्र में जिन लोगों को स्वीकार नहीं किया गया, वो अब भेष बदलकर आए हैं। यह लोग सिस्टम के पीछे पड़े हैं। यह उन लोगों की फितूर नारे लगाते हैं जो देश को बांटना चाहते हैं। इन लोगों की पहचान कर ली गई है।



सीजेपी ने नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री का मांगा था इस्तीफा

### देश की प्रगति पर भरोसा नहीं

वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह भी कहाकि कुछ लोगों को देश की प्रगति पर भरोसा नहीं है। धर्मेंद्र प्रधान का बयान ऐसे समय में आया है जब कॉकरोच जनता पार्टी, नीट पेपर लीक को लेकर उनसे इस्तीफा मांग रहा है। गौरतलब है कि कॉकरोच जनता पार्टी का धरना जंतर-मंतर पर लगातार तीसरे दिन जारी है। पार्टी संस्थापक अभिजीत दीपके ने परीक्षा में कथित गड़बड़ियों एवं नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर अपना हमला और तेज कर दिया। यह धरना प्रदर्शन शनिवार दोपहर शुरू हुआ था और रातभर जारी रहा। प्रदर्शनकारी पुलिस की तैनाती के बीच मौके पर डटे रहे।

### क्या कह रहे प्रदर्शनकारी

रविवार को दोबारा परीक्षा देने वाले कुछ नीट अभ्यर्थी भी विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। वे अपने अनुभव साझा कर रहे हैं और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए, दीपके ने उन विद्यार्थियों के साथ बर्ताव को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से सवाल किए जिन्हें कुछ मिनट देर से पहुंचने के कारण दोबारा परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहाकि अधिकारी विद्यार्थियों को सजा दे रहे हैं और पेपर लीक के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए बिहार के एक छात्र ने कहाकि मानसिक रूप से मैं ठीक महसूस नहीं कर रहा हूं क्योंकि हमें दोबारा परीक्षा की तैयारी करनी पड़ी और परीक्षा देनी पड़ी। परीक्षा के बाद इंसान आराम महसूस करता है, लेकिन उन्होंने पेपर लीक कर दिया और नीट परीक्षा रद्द कर दी।

### दीपके ने क्या कहा

दीपके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग का जिक्र करते हुए कहाकि आप चार मिनट की देरी बर्दाश्त नहीं कर सकते। लेकिन विद्यार्थियों की मौत के बाद शिक्षा मंत्री के पद पर बने रहने को हम कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? दीपके ने कहा कि प्रधान का इस्तीफा बहुत ही मामूली कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की कमी है। उन्होंने कहाकि गड़बड़ी के आरोपों के बाद रद्द हुई परीक्षा को दोबारा तैयारी करने के कारण विद्यार्थियों को मानसिक परेशानी हुई है। विद्यार्थियों ने मंत्री से जवाबदेही और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग की।

### पीएम मोदी से भी अपील

दीपके ने लोगों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जंतर-मंतर पर नीट अभ्यर्थियों से मिलने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी अपना अनुभव सीधे प्रधानमंत्री के साथ साझा करना चाहते हैं। उन्होंने इस आरोप पर सवाल उठाया कि यह विरोध प्रदर्शन युवाओं को भड़काने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की चिंताओं को उठाना उकसावा नहीं माना जा सकता। उन्होंने जवाबदेही के मुद्दों पर नेताओं की आलोचना भी की और कहा कि नेताओं को शिक्षा एवं विद्यार्थियों के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## पेज एक के शेष

### ओबीसी सर्वे : पोर्टल एंट्री...

योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, लेकिन उनके बारे में बताया गया है कि वे केवल राशन कार्ड से राशन ही ले रहे हैं। राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने सर्वे डेटा की ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्री के दौरान नगरीय निकायों द्वारा की जा रही गंभीर त्रुटियों को उजागर किया है। आयोग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि गलत डेटा के कारण पूरे सर्वेक्षण का मूल उद्देश्य ही खतरे में पड़ सकता है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं औक नगर पंचायतों के सीएमओ को पत्र जारी कर सही-सही जानकारी पोर्टल में दर्ज करने का आदेश दिया है।

**सर्वे की विश्वसनीयता पर खतरा :** आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि नगरीय निकायों द्वारा सर्वे प्रपत्र (54 बिंदुओं) के आधार पर प्रविष्टि करने के बजाय अनुमान के आधार पर गलत आंकड़े भरे जा रहे हैं। यदि समय रहते इसे नहीं सुधारा गया, तो यह डेटा शासन की विभिन्न एजेंसियों और विभागों के पास मौजूद आंकड़ों के साथ विरोधाभासी स्थिति पैदा करेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निगम आयुक्त सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत क्षेत्र स्तर पर जाकर परिवारों से पुनः संपर्क करें, अधूरी जानकारी को पूरा करें और पोर्टल पर केवल वास्तविक डेटा ही अपडेट करें। भविष्य में ओबीसी कल्याण के लिए बनने वाली नीतियां इसी सर्वे पर निर्भर होंगी, इसलिए इसमें बरती गई यह लापरवाही राज्य के एक बड़े वर्ग के भविष्य पर भारी पड़ सकती है।

### सरकारी योजनाओं का लाभ....

वार्षिक आय के कॉलम को या तो पूरी तरह खाली छोड़ दिया जा रहा है या फिर एक ही निकाय के सभी परिवारों के लिए एक समान वार्षिक आय दर्ज की जा रही है, जो सांख्यिकीय रूप से पूरी तरह गलत है।

### दरगाह-उर्स में डीजे, नाच-गाना बैन...

याचिका सुफी इस्लामिक बोर्ड के संचालक मंडल के सदस्य फिरोज शाह अहमद की ओर से वकील देवेंद्र प्रताप सिंह ने दायर की थी। जिसमें वक्फ बोर्ड के आदेश को चुनौती दी गई थी। वक्फ बोर्ड ने अपने आदेश में प्रदेश के विभिन्न दरगाहों, उर्स और धार्मिक जलसों में डीजे, धूमाल और नाच-गाने के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 50 हजार रुपए तक जुर्माना लगाने की बात भी कही गई थी। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि, जिन स्थानों पर यह धार्मिक आयोजन आयोजित होते हैं, वे वक्फ बोर्ड की संपत्तियां हैं। इसी अधिकार के तहत बोर्ड ने यह दिशा-निर्देश जारी किया था।

### शादी से पहले प्रेमी के साथ मिलकर की...

फरवरी में हुई थी, सिया गोयल और केतन अग्रवाल, लोहागढ़ किले में घूमने के लिए गए थे। वहां से तकरीबन 10:30 या 10:45 बजे के आसपास सिया गोयल ने फोन करके बताया कि केतन अग्रवाल फिसल के गिर गया और उसकी लोहगढ़ किले से नीचे गिरने से मृत्यु हो गई है। पुलिस और परिवारजनों ने इसे हादसा मान लिया था।

**भव्यता से होने वाली थी शादी :** केतन अग्रवाल की शादी बहुत ही भव्य तरीके से होने वाली थी। परिवार ने जयपुर में एक पैलेस बुक किया गया था। बताया जा रहा है कि इस शादी के लिए 17 करोड़ से अधिक खर्च होना था। मेहमानों के लिए दो चार्टर प्लेन भी बुक कराए गए थे। इसके साथ स्वागत और ठहरने की व्यवस्था की जा रही थी।

### जांच में जुटीं फॉरेंसिक टीम...

की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटनास्थल पर पहुंची। टीम का नेतृत्व निदेशक आदर्श कुमार कर रहे हैं। एसआईटी ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बनाई गई एसआईटी में अपर मुख्य सचिव (पर्यटन) अमृत अभिजात और लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रवीण कुमार शामिल हैं। प्रवीण कुमार ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, हम यहां घटना के सभी पहलुओं की जांच करेंगे। हम तय समय में जांच पूरी करेंगे और जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। एसआईटी टीम के पहुंचने से पहले, सुबह फॉरेंसिक विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस जांच का मकसद आग लगने की वजह का पता लगाना है। पुलिस ने बताया कि एसआईटी टीम में अधिकारियों के साथ करीब 10 लोग जांच के लिए पहुंचे। एसआईटी ने इमारत में लोगों के फंसने, दरवाजे और खिड़कियों के साथ ही वातानुकूलित मशीनों की भी जांच की। एसआईटी ने मौके से कुछ अहम साक्ष्य जुटाए और लोगों से जानकारी भी हासिल की। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया, हमने अलीगंज की उस इमारत को (निर्माण) नियमों के उल्लंघन पर एक बार फिर गिराने का नोटिस जारी किया है, जहां सोमवार को आग लगी थी। कुमार ने बताया, हमने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अधिकारियों की पहचान करने और लापरवाही में उनकी भूमिका का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक, सोमवार दोपहर अलीगंज स्थित तीन मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश छात्र थे और नौ अन्य लोग घायल हुए थे। हादसे के एक दिन बाद मंगलवार को अलीगंज के सेक्टर-डी स्थित उषा मेहता मार्ग पर मौजूद इमारत के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर आवाजाही पर रोक लगा दी।

### महासमुंद के बलौदा-बेलमुंडी क्षेत्र...

के विस्तार तथा देश के खनिज क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की अनुशंसा पर 156.80 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले बालोदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक को खनिज एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 17ए के अंतर्गत एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड के पक्ष में आरक्षित किया गया था। इसके पश्चात जारी प्रोस्पेक्टिंग लाइसेंस के तहत विस्तृत भूवैज्ञानिक एवं खनिज अन्वेषण कार्य किए गए। अन्वेषण कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, ग्राउंड मैग्नेटिक एवं रेसिस्टिविटी सर्वे, तथा 500 मीटर की लक्षित अन्वेषण ड्रिलिंग शामिल रही। इन अध्ययनों के आधार पर एक संभावित हीराधारी विसंगति की पहचान की गई। इस क्षेत्र की पुष्टि हेतु लगभग 200 टन खनिज पदार्थ का बल्क सैंपल एकत्र कर वैज्ञानिक प्रसंस्करण किया गया। प्रसंस्करण एवं एसिड वॉश के पश्चात कुल 1.22 कैरेट वजन के 5 प्राकृतिक हीरे प्राप्त हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार प्रारंभिक अन्वेषण चरण में हीरों की प्राप्ति किसी क्षेत्र में हीरा जनक प्रणाली की उपस्थिति का अत्यंत महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है। खनिज विशेषज्ञों का मानना है कि विश्व के प्रमुख हीरा उत्पादक देशों जैसे बोत्सवाना, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में भी प्रारंभिक खोज के दौरान सीमित संख्या में हीरों की प्राप्ति हुई थी। बाद में विस्तृत अन्वेषण और संसाधन मूल्यांकन से बड़े हीरा भंडारों की पहचान संभव हुई। बालोदा-बेलमुंडी से प्राप्त परिणाम भी इसी प्रकार के सकारात्मक संकेत प्रदान करते हैं।

**छत्तीसगढ़ में हीरा संभावनाओं का नया अध्याय :** अब तक छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से मैनपुर क्षेत्र को हीरा संभावनाओं के लिए जाना जाता रहा है। बालोदा-बेलमुंडी क्षेत्र से हीरों की प्राप्ति यह संकेत देती है कि राज्य में हीरा खनिजीकरण का विस्तार पूर्व अनुमान से अधिक व्यापक हो सकता है। इससे भविष्य में नए निवेश, रोजगार के अवसर तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलने की संभावना है।

## यूरोप में लू का कहर

# फ्रांस में 2 बच्चों समेत 18 की मौत कई देशों में तापमान ने तोड़े रिकॉर्ड



एजेंसी ▸▸ पेरिस

यूरोप के कई देशों में जारी भीषण हीटवेव ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। फ्रांस में दो छोटे बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई है। वहीं फ्रांस, स्पेन, ब्रिटेन और इटली में तापमान कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। दक्षिण-पूर्वी फ्रांस के कारपेंट्रा में 2 और 4 साल के दो बच्चे अपने घर के बाहर खड़ी कार में बेहोश मिले। बचावकर्मियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों की मौत हो गई। इसके अलावा फ्रांस में रविवार और सोमवार के बीच 13 लोगों की डूबने से मौत दर्ज की गई। बोर्दो क्षेत्र में तीन बुजुर्गों की भी हीटवेव से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण जान चली गई।

### टूटे पुराने रिकॉर्ड

फ्रांस के बोर्दो में तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि पोइटियर्स में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों शहरों में पुराने रिकॉर्ड टूट गए। पेरिस में भी जून महीने का सबसे अधिक तापमान दर्ज होने की संभावना जताई गई है। स्पेन के सैन सेबास्टियन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जो इस समय के सामान्य औसत से काफी अधिक है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है, जिससे जून का 49 साल पुराना रिकॉर्ड टूट सकता है। इटली ने 12 शहरों में रेड हीटवेव अलर्ट जारी किया है। वहीं बिजली ग्रिड पर बढ़ते दबाव के कारण कुछ इलाकों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आई है।

# टीएमसी ने ममता को बताया पार्टी प्रमुख, ईसी को भेजी वर्किंग कमेटी की लिस्ट

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

टीएमसी में चल रहा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ममता बनर्जी और बागी गुट में असली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को लेकर रस्साकशी जारी है। बागी गुट के दावे के एक दिन बाद मंगलवार को टीएमसी ने चुनाव आयोग को पार्टी के पदाधिकारियों और नेशनल वर्किंग कमेटी की नई लिस्ट भेजी है। इसमें ममता बनर्जी को पार्टी का अध्यक्ष बताया गया है। सुभ्रत बक्शी को उपाध्यक्ष और अभिषेक बनर्जी को राष्ट्रीय महासचिव बताया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग को भेजी गई लिस्ट 20 जून तक की संगठनात्मक स्थिति के आधार पर तैयार की गई है। इससे एक दिन पहले टीएमसी के बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने टीएमसी की पैरलल वर्किंग कमेटी का ऐलान किया था। विधायक अरूप रॉय अध्यक्ष चुना था। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने सोमवार को बागी गुट पर पार्टी के नाम का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

### एक दिन पहले बागी गुट ने अरूप को चुना था अध्यक्ष



### यह है नई लिस्ट

टीएमसी की लिस्ट के मुताबिक, ममता, सुभ्रत, अभिषेक, डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन जैसे 6 बड़े नेताओं के अलावा नेशनल वर्किंग कमेटी में कुल 24 नाम हैं। इनमें चंद्रिमा भट्टाचार्य, अमित मित्रा, राजेश पति त्रिपाठी, असीमा पात्रा, मलय घटक, गौतम देव, शोभनदेव चट्टोपाध्याय, बुलु चिक बराइक, मुकुल संगमा, बैस्वानोर चट्टोपाध्याय, बीरबाहा हांसदा, कल्याण बनर्जी, सौगत रॉय, नदीमुल हक, मदन मित्रा, बिमान बनर्जी, महुआ मोइत्रा और कुणाल घोष को भी रखा गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना
क्रम संख्या(1) निविदा सूचना क्रमांक: सीईसी–बीएसपी–26-27&06, दिनांक: 10.06.2026 (विशेष सीमित ई–निविदा) (एकल पैकेट सिस्टम)।
कार्य का नाम: "एसईसीआर के नागपुर डिवीजन के गोंडिया यार्ड में मुख्य लाइनों की गति बढ़ाने के लिए डायमंड क्रॉसिंग को समाप्त करना और डीएन मुख्य बाहरी संयुक्त लाइन से होकर गुजरना।" निविदा मूल्य: ₹ 5,47,37,074.85, अमानत राशि / बिड सिक्युरिटी: ₹ 10,94,800.00, निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य, कार्य पूर्ण होने की अवधि: 12 (बारह) माह, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
निविदा बंद होने की तिथि व समय: 10.07.2026 को 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि व समय: 10.07.2026 को 15:30 बजे।
विस्तृत जानकारी / निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक पश्चिम अधिकारी निर्माण एस.ई.सी. रेलवे / नागपुर–440001 अथवा उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।
उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
PAM/02/03 द.पू.म. रेलवे / गोंदिया
South East Central Railway @secrail

## राशिफल

**मेष** – रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## सशस्त्र हमलावरों का नरसंहार 20 की हत्या

**बोकक्कोस।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य क्षेत्र स्थित प्लेटो राज्य में सशस्त्र हमलावरों ने एक समुदाय पर हमला कर कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस औरहमलावरों के बीच गोलीबारी हुई, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक रविवार को बोक्कोस क्षेत्र के कावेल समुदाय पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और हमलावरों से मुठभेड़ हुई। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिवारों को सौंप दिए गए।

गुमशुदा



मुकेश देवांगन पिता चिंता प्रसाद देवांगन उम्र 45 वर्ष, ऊंचाई 5 फीट 6 इंच, रंग सांवला, शारीरिक बनावट सामान्य, सफेद रंग का चेक शर्ट, ग्रे कलर का लोवर, दाहिने हाथ में गोदना (टैटू) सीता लिखा है। जो महर्षि विद्या मंदिर स्कूल रोड, गीतांजलि पार्क के सामने, बिलासपुर बीट क्रमांक 4 से दिनांक 20.06.2026 को शाम 6.00 बजे बिना बताये कहीं चले गए है। जिस किसी सज्जन को दिखे, कृपया सूचित करने की कृपा करें। उचित ईनाम दिया जावेगा। मो. 9691076120, 9691572074, 9301080636

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद जिला–धमतरी (छ.ग.)
पता–पुराना बाजार चौक कुरूद, ई-मेल आईडी – kurudnp@gmail.com

क्रमांक/1907 / लो.नि.वि. / ऑनलाईन निविदा/2026-27
ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना
कुरूद, दिनांक 23/06/2026

नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रांतर्गत जल आवर्धन योजना एवं अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विभिन्न निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से Chhattisgarh Government Integrated e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-


01. Bid Submission Start Date - 23/06/2026, सायं 6.30 बजे तक
02. Bid Due Date - 15/07/2026, सायं 5.30 बजे तक
03. Bid Open Date - 21/07/2026, प्रातः 11.30 बजे तक
04. Physical Document Submission End Date - 20/07/2026, सायं 5.30 बजे तक

| स. क्र. | कार्य का विवरण | टेण्डर सिस्टम नंबर | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (राशि रू.) | फर्म / ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि माह | निविदा शुल्क | प्रभावशील दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद कुरूद में जल आवर्धन योजना | 193971 | 952.65 | 500000.00 | "B" and Above | 24 माह (वर्षा ऋतु सहित ) | 10000.00 | CG PWD Building S.O.R. 01.01.2015 & CGPHE SOR 01.06.2020 with amendment |
| 02 | 500 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण कार्य | 194037 | 597.23 | 298650.00 | "B" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025, C.G. P.H.E. S.O.R. 01.06.2020, C.G. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & Non S.O.R. Items |
| 03 | नया मार्केट उन्नयन एवं निर्माण कार्य | 193965 | 196.84 | 147650.00 | "C" and Above | 12 माह (वर्षा ऋतु सहित) | 10000.00 | C.G. P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015, C.G. P.W.D. Electrical S.O.R. 01.06.2020 & C.G. P.W.D. Road S.O.R. 01.01.2025 |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की विस्तृत / सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा, विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं e-Procurement https://eproc.cgstate.gov.in से अवलोकन की जा सकती ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कुरूद
जिला - धमतरी (छ. ग.)


## शब्द पहेली - 6266



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -6265 का हल



## सूडोकु नवताल- 6276

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6275 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

### नाफेड की चार पहल की शुरुआत कार्यक्रम में शाह बोले

# दलहन-तिलहन सीधे किसानों से खरीदें नाफेड एनसीसीएफ, बिचौलियों की भूमिका हो समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को दालों एवं तिलहनों की खरीद सीधे किसानों से करने का निर्देश दिया, ताकि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो और इन वस्तुओं के आयात पर देश की निर्भरता घटाई जा सके।

**आयात पर देश की निर्भरता घटाई जा सके**

नाफेड की चार पहल की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि हाल के वर्षों में दालों एवं तिलहनों का उत्पादन बढ़ा है लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाने के कारण आत्मनिर्भरता हासिल नहीं हो सकी है।

## एमएसपी का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच रहा



### किसान सीधे सहकारी संस्थानों को उपज बेच सकेंगे

शाह ने कहा, /"खरीद में बिचौलियों की भूमिका खत्म करने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि नाफेड और एनसीसीएफ सीधे किसानों से दाल और तिलहन खरीदें, ताकि लाभ सीधे किसानों को मिल सके।/ शाह ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो साल की समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस अवधि में किसान सीधे इन सहकारी संस्थाओं को अपनी उपज बेच सकेंगे और उन्हें किसी बिचौलिये के बगैर भुगतान मिलेगा।

### घरेलू कमी को पूरा करने दाल व खाद्य तेलों का आयात

भारत हर साल अपनी घरेलू कमी को पूरा करने के लिए लगभग 60-70 लाख टन दाल और 1.5-1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात करता है। शाह ने नाफेड की वित्तीय स्थिति में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में यह सहकारी संस्था गंभीर संकट में थी और इसे बचाने के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

### नाफेड की पहुंच 76 लाख किसानों तक

नाफेड का वार्षिक कारोबार 500 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 30,000 करोड़ रुपये हो गया और इसकी पहुंच 76 लाख किसानों तक हो चुकी है। शाह ने नाफेड को अब 50,000 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य रखने को कहा।

### चार पहल में 'नाफेक्स डॉट इन' शामिल

इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी दालों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार पहले से ही तीन प्रकार की दालों की खरीद लाभकारी कीमतों पर कर रही है। नाफेड की तरफ से शुरू चार पहल में डिजिटल नीलामी मंच 'नाफेक्स डॉट इन' भी शामिल है, जो दालों एवं तिलहनों की पारदर्शी नीलामी सुनिश्चित करेगा।

### किसानों के बच्चों के लिए नाफेड कल्याण कोष

चौथी पहल 'नाफेड कल्याण कोष' है, जिसे किसानों के बच्चों के करियर समर्थन के लिए बनाया गया है। नाफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल ने कहा कि ये तीनों प्रौद्योगिकी मंच आपस में जुड़े हुए हैं और इससे पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

# अदाणी के मुंद्रा हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं शुरू

एजेंसी ▶▶| मुंद्रा (गुजरात)


अदाणी समूह के मुंद्रा हवाई अड्डे से मंगलवार को गोवा से पहली उड़ान के आगमन के साथ वाणिज्यिक संचालन शुरू हो गया।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि सेवा शुरू होने के साथ ही मुंद्रा से संपर्क बेहतर होगा।

- कच्छ क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई गति मिलेगी

अदाणी समूह ने बयान में कहा कि हवाई सेवा कच्छ क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई गति देगी। कांडला और भुज के बाद यह इस इलाके का तीसरा हवाई अड्डा है। क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर इस हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक उड़ान सेवा शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई। इसकी पहली उड़ान गोवा से यहां उतरी। अदाणी समूह के पूरी तरह से स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले इस हवाई अड्डे से गोवा, मुंबई, हिंडन और सूरत के लिए हवाई संपर्क सुविधा मिलेगी। जीत अदाणी ने कहा, ''अभी हवाई अड्डे पर बहुत ज़्यादा उड़ानों का कार्यक्रम निर्धारित नहीं है, लेकिन हमारे पास गोवा, सूरत और मुंबई को जोड़ने वाली कुछ सेवाएं हैं तथा हम जल्द ही अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवा शुरू करेंगे।'' यहां 1,900 मीटर लंबी हवाई पट्टी के साथ इस नए हवाई अड्डे का उद्घाटन जीत अदाणी ने किया।

## गोवा से पहली उड़ान यहां उतने के साथ संचालन शुरू




### संपर्क के बड़े रास्ते खुलेंगे

जीत ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि इससे (अदाणी मुंद्रा हवाई हड्डे) हमारी कर्मभूमि यानी मुंद्रा से भारत के लिए संपर्क के बड़े रास्ते खुलेंगे।'' हवाई अड्डे को बेलगावी, बेंगलुरु, कोल्हापुर और नांदेड़ से भी जोड़ने की योजना है।

## वोडाफोन आइडिया ने बिडला समूह से 1182 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** कर्ज से जूझ रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने प्रवर्तक आदित्य बिड़ला समूह से वॉरंट जारी कर 1,182 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने सोमवार को 11 रुपये प्रति वॉरंट के भाव पर 430 करोड़ वॉरंट आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी सूर्याजा इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित करने को मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के तहत कंपनी को निर्गम मूल्य का 25 प्रतिशत यानी 2.75 रुपये प्रति वॉरंट के भाव से 1,182.50 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# इट्सा हॉस्पिटल्स में हुआ वायरल मायोकार्डाइटिस का सफल इलाज

## डॉ. अक्षत जैन की सतर्कता से हुआ सटीक निदान

**रायपुर।** सीने में दर्द, सांस फूलना, ईसीजी में असामान्य बदलाव और ट्रोपोनिन टेस्ट पॉजिटिव आने पर आमतौर पर हार्ट अटैक की आशंका जताई जाती है, लेकिन हर मामला हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज का नहीं होता। इसका ताजा उदाहरण इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर में सामने आया, जहां चिकित्सकों की सतर्कता और सटीक जांच के चलते एक गंभीर मरीज का सफल उपचार संभव हो सका।



अस्पताल में 37 वर्षीय एक स्वास्थ्यकर्मी को सीने में तेज दर्द और सांस लेने में परेशानी की शिकायत के साथ भर्ती कराया गया। कुछ दिन पहले वह वायरल संक्रमण से भी पीड़ित रहे थे। प्रारंभिक जांच में ईसीजी में बदलाव और ट्रोपोनिन का स्तर बढ़ा हुआ मिला, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बनी। हालांकि इट्सा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत जैन ने मरीज की स्थिति का गहन अध्ययन किया और पाया कि मामला सामान्य हार्ट अटैक से अलग है। विस्तृत इकोकार्डियोग्राफी में हृदय की मांसपेशियों की कमजोरी पूरे हृदय में फैली हुई दिखाई दी तथा हृदय के आसपास तरल पदार्थ की उपस्थिति भी दर्ज की गई। आगे की जांच में मरीज को फल्मिनेंट वायरल मायोकार्डाइटिस से पीड़ित पाया गया। यह ऐसी गंभीर स्थिति है जिसमें वायरल संक्रमण के बाद शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली हृदय की मांसपेशियों पर हमला कर देती है, जिससे सूजन और पंपिंग क्षमता में कमी आ जाती है।

### ट्रोपोनिन टेस्ट देता है महत्वपूर्ण संकेत

डॉ. अक्षत जैन ने बताया कि ट्रोपोनिन टेस्ट महत्वपूर्ण संकेत देता है, लेकिन केवल उसी के आधार पर अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। सही निदान के लिए मरीज की मेडिकल हिस्ट्री, लक्षणों और अन्य जांचों का समग्र मूल्यांकन आवश्यक है। समय पर पहचान होने से मरीज को उन्नत कार्डियक एवं क्रिटिकल केयर उपचार मिला और कुछ ही दिनों में उसकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

## रुपया 11 पैसे टूटकर 94.74 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 11 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.74 (अस्थायी) पर रहा। डॉलर के मजबूत होने और घरेलू बाजार के कमजोर रहने से रुपये पर दबाव है। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही, जिससे रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.73 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.63 से 94.92 के स्तर तक पहुंचा और अंत में 94.74 (अस्थीय) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले भाव से 11 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 30 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.63 पर बंद हुआ था।

**ग्राहकों की उमड़ रही भीड़ 28 जून तक ऑफर**

# एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के शुभारंभ ऑफर को मिला शानदार रिस्पांस

**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित एसबी बाय एटी-अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के शुभारंभ के बाद ग्राहकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। तीन दिवसीय भव्य उद्घाटन समारोह के उपरांत भी शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दुर्ग, भिलाई और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग विशेष उद्घाटन ऑफर का लाभ लेने पहुंच रहे हैं। शोरूम संचालक शांतिलाल बरड़िया, सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया ने बताया कि वर्ष 1957 में स्थापित एटी ज्वेलर्स अपने गौरवशाली 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए शुरू की गई 'डबल फायदा-डबल बचत' ऑफर को शानदार रिस्पांस मिल रहा है। ऑफर के तहत पुराने सोने के एक्सचेंज पर बाजार मूल्य के अतिरिक्त 1957 रुपए प्रति 10 ग्राम का लाभ दिया जा रहा है, वहीं नई स्वर्ण ज्वेलरी की खरीद पर प्रति तोला 7000 रुपए तक की सीधी बचत का विशेष ऑफर उपलब्ध है।



### शोरूम में उत्सव जैसा माहौल

परिवारों के साथ खरीदारी के लिए पहुंच रहे ग्राहकों से शोरूम में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। प्रबंधन ने बताया कि उद्घाटन के उपलक्ष्य में दिया जा रहा यह विशेष डबल बेनिफिट ऑफर 28 जून 2026 तक ही मान्य रहेगा। ऐसे में ग्राहकों के लिए इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का यह उपयुक्त समय है।

### स्वयं की आधुनिक विनिर्माण यूनिट

सौरभ बरड़िया ने बताया कि एटी ज्वेलर्स छत्तीसगढ़ का अग्रणी ज्वेलरी प्रतिष्ठान है, जिसकी स्वयं की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। इससे ग्राहकों को नवीनतम डिजाइनों के आभूषण सीधे उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाते हैं। वहीं सिद्धार्थ बरड़िया के अनुसार शोरूम में गोल्ड, डायमंड, पोलकी, जड़ाऊ, टेम्पल ज्वेलरी, रत्नजड़ित आभूषण और लाइटवेट कलेक्शन की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है, जिसे ग्राहकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है।

**सेंसेक्स 893 और निफ्टी 279 अंक लुढ़का**

# आईटी, धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू बाजार में बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोरी और आईटी एवं धातु कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को खासी गिरावट आई। सेंसेक्स 893 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 279 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने भी घरेलू बाजार पर दबाव बनाने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 893.39 अंक टूटकर 76,200.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,011.56 अंक तक गिरकर 76,082.51 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। इसी तरहनिफ्टी 278.80 अंक गिरकर 23,824.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स और निफ्टी में 11 जून से छह कारोबारी सत्रों के दौरान चार प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी देखी जा चुकी थी।

- विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने भी दबाव बनाया



## अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ 39वां विमान

नई दिल्ली। अकासा एयर ने बोइंग 737 मैक्स को अपने बेड़े में 39वें विमान के रूप में शामिल कर लिया है। एयरलाइन लगभग चार वर्ष से परिचालन कर रही है और इसने वर्ष 2026 में अब तक अपने बेड़े में आठ नए विमान जोड़े हैं।

# डॉलर में तेजी से सोना 3,000 और चांदी 10,500 रुपए टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 3,000 रुपये टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी 10,500 रुपये लुढ़ककर दो महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,000 रुपये या दो प्रतिशत घटकर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। सोना आखिरी बार 27 मार्च को इस स्तर के आसपास रहा था, जब इसकी कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी पर भी बिकवाली का असर पड़ा और यह 10,500 रुपये या 4.3 प्रतिशत टूटकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो दो महीने से ज्यादा समय में इसका सबसे निचला स्तर है। चांदी तीन अप्रैल को 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें कम रहीं क्योंकि मजबूत डॉलर और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों का कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।''



डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# 100वां मैच : अब सिर्फ मेस्सी से पीछे एमबाप्पे

एजेंसी ▸▸ फिलाडेल्फिया

फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे इराक के खिलाफ दो गोल करके कुल 16 गोलों के साथ विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 वर्ष के एमबाप्पे ने इराक के खिलाफ 14वें मिनट में पहला गोल किया। यह उनके करियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। बारिश के कारण दो घंटे के विलंब के बाद खेल बहाल होने पर उन्होंने 54वें मिनट में एक और गोल करके जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोसे के 16 गोल की बराबरी कर ली। यह विश्व कप शुरू होने से पहले रिकॉर्ड क्लोसे के ही नाम था।

एमबाप्पे ने सेनेगल के खिलाफ पहले मैच में भी दो गोल किए थे। उनके अब 59 अंतरराष्ट्रीय गोल हो गए हैं, जो फ्रांस के लिए सर्वाधिक है। इस विश्व कप में अब तक वह चार गोल कर चुके हैं जबकि 2022 में 8 और 2018 में 4 गोल किए थे। उन्हें 2022 में सर्वाधिक गोल के लिए गोल्डन बूट भी मिला था।

## रोनाल्डो ने खोला खाता बनाया विश्व रिकॉर्ड

### पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को दी शिकस्त



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ कमाल का गोल दाग एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो ने छठे मिनट में गोल किया, जो कि मौजूदा टूर्नामेंट में पुर्तगाल का पहला गोल भी था। इसके बाद उन्होंने 39वें मिनट में गोल किया। पुर्तगाल और उज्बेकिस्तान के बीच हुए इस मुकाबले में पुर्तगाल टीम ने 5-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने जैसे ही उज्बेकिस्तान के खिलाफ गोल दागा वो लगातार 6 फीफा वर्ल्ड कप में गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो साल 2010, 2014, 2018, 2022 और अब रोनाल्डो वैसे यहीं नहीं रुके। उन्होंने 39वें मिनट में उज्बेकिस्तान के खिलाफ एक और गोल किया और इसके साथ ही वो पुर्तगाल के लिए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए।




## आज के मुकाबले

**इंग्लैंड बनाम घना**

दिन की शुरुआत इंग्लैंड और घाना के मुकाबले से होगी, जो भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा।

**पनामा बनाम क्रोशिया**

इसके बाद दूसरा मुकाबला पनामा और क्रोशिया के बीच सुबह 4:30 बजे खेला जाएगा।

**कोलंबिया - डीआर कोंगो**

दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला कोलंबिया और डीआर कांगो के बीच भारतीय समय के अनुसार सुबह 7:30 बजे होगा।

## नॉर्वे ने दी सेनेगल को 3-2 से मात



ईस्ट रदरफोर्ड। एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 32 में जगह बना ली। मार्कस पेडरसन ने 43वें मिनट में गोल किया जबकि हालैंड ने 48वें और 59वें मिनट में गोल दागे। उनके विश्व कप में अब चार गोल हो गए हैं। पेडरसन ने जूलियन रायरसन के क्रॉस पर गोल किया। हालैंड ने 13वें मिनट में विश्व कप में पदार्पण किया और गोल कर दिया। वहीं हालैंड ने मार्टिन ओडेगार्ड के पास पर बाएं पैर से शॉट लगाया और सेनेगल के गोलकीपर एडुअर्ड मेंडी बायीं ओर डाइव लगाकर भी गोल नहीं बचा सके। इसके बाद उन्होंने सेनेगल के डिफेंस को भेदते हुए पेट्रिक बर्ग के पास पर गोल किया। जीत के बाद कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड की अगुआई में खिलाड़ियों ने फैंस के साथ मिलकर पारंपरिक वाइकिंग रो सेलिब्रेशन किया। टूर्नामेंट के दौरान नॉर्वे के फैंस के बीच वाइकिंग रो एक लोकप्रिय परंपरा बन गई है। फैंस वाइकिंग लॉन्गबोट जैसी बनावट में बैठते हैं और ड्रम की थाप पर नाव चलाने जैसा एक्शन करते हैं।

## भारत की जर्सी मिलते ही इमोशनल हुए वैभव, कहा- सपना पूरा हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि भारतीय टी20 टीम में चयन होना उनके करियर का सबसे बड़ा कदम है और उनके पास अपने जज्बात बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी को 26 जून से शुरू हो रहे आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। सूर्यवंशी ने कहा, 'शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैंने इसी के लिए पहले दिन बल्ला उठाया था और अभ्यास के लिए क्रिकेट के मैदान पर उतरा था। वह सपना आज पूरा हो गया है।' उन्होंने कहा,' यह मेरे सफर का सबसे बड़ा कदम है। मैं इन भावनाओं को शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा ,' यह सपना सच होने जैसा है। जैसे ही मैंने टीशर्ट देखा, मेरी मुस्कान नहीं रूक रही है।'

### समस्तीपुर से हुई कॅरियर की शुरुआत

*बिहार के समस्तीपुर से अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक जमाया था। 28 अप्रैल 2025 को गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन बनाकर वह 14 वर्ष 32 दिन की उम्र में टी20 क्रिकेट में शतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। इंग्लैंड या आयरलैंड के खिलाफ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन सकते हैं। यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 वर्ष 205 दिन की उम्र में पदार्पण किया था।*

---

**HDFC BANK | HDFC Bank Ltd.**

शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

## ई-नीलामी विक्रय सूचना

**नीलामी की तिथि एवं समय :- 16-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे**
**(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री खरे त्रिलोक,** मकान नं. एफ-1, साई मंदिर के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्री खरे त्रिलोक,** डी-403, श्रीजी हाइट्स, बिचौली, मर्दाना, इंदौर-452016.<br>**श्रीमती मृणाल खरे** मकान नं. एफ-1 साई मंदिर के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्रीमती मृणाल खरे** डी-403, श्रीजी हाइट्स, बिचौली, मर्दाना, इंदौर-452016. | ₹ 17,12,985/- 31 मई 2020 की स्थिति में | फ्लैट नंबर सी-2(203), साई विहार, खसरा नं. 673/6, 683/1, प.ह.नं. 109, ग्राम दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर, कुल सुपर बिल्टअप एरिया =823.65 वर्गफीट, कारपेट एरिया -650 वर्गफीट, **लेटिट्यूड-21.276429, लांगिट्यूड-81.673825.** | भौतिक | ₹16,20,000/- | ₹1,62,000/-<br>₹ 5,000/- |
| 2. | **श्रीमती तिवारी आरती,** वार्ड क्रमांक 58, एरिना पब्लिक स्कूल, लोधी पारा, दुर्ग – छत्तीसगढ़, पिन – 491001 – भारत।<br>**श्रीमती तिवारी आरती,** मै. मो. नाजिम कंस्ट्रक्शन, वार्ड नंबर 47, लोधीपारा, उरला, दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001.<br>**श्री नाज़िम मोहम्मद,** वार्ड नंबर 58, एरिना पब्लिक स्कूल, लोधी पारा, उरला, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन – 491001 – भारत। | ₹ 16,37,301/- 31 अगस्त 2025* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की प्लॉट खसरा 586/4/2, प.ह.न. 16, मौजा उरला, वार्ड नंबर 58, उरला, ईस्ट वार्ड, ओम नगर रानिमं : सिकोला, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- (868 वर्ग फुट + 868 वर्गफुट) 1736 वर्गफुट, **लेटिट्यूड-21.209572, लांगिट्यूड-81.277418.** | भौतिक | ₹14,25,000/- | ₹1,42,500/-<br>₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 30-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-14-जुलाई-2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।

**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in; संपर्क नंबर: +919266604643.

**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 24 जून, 2026
स्थान: रायपुर, दुर्ग

रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

---

**pnb | पंजाब नैशनल बैंक**
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)

**ई-नीलामी तिथि - 17.07.26 एवं 04.08.26**
समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

## सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री

**APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]**

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पूर्ननिर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-निलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदाताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक /सांकेतिक द्वारा अधिकार में ले लिया गया है। इन संपत्तियो की विक्रय "जहाँ है जैसा है" "जो भी है जैसा भी हैं" नीचे दिये कॉलामो में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारो से वसुली के लिए किया जा रहे है। आरक्षित मूल्य तथा ब्याना राशि नीचे तालिका में संपत्तियों के समस्त दर्शाई गई है।

### सुरक्षित संपत्तियों की अनुसुची

| क्र. | खाताधारक का नाम / उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता / शाखा का नाम | बंधक चल/अचल संपत्तियों का विवरण / मालिक का नाम | 1) 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा तिथि सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 13(4) के तहत 4) कब्जा की प्रकृति | आरक्षित मूल्य / ईएमडी (लाख में) / बोली वृद्धि राशि-10000/- प्रत्येक संपति के लिये |
|---|---|---|---|---|
| | **संख्या क्रमांक 01 से 11 के लिए: ई-नीलामी तिथि- 17/07/2026 एवं समय- सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक** | | | |
| 1 | **उधारकर्ता: श्रीमती प्रीति जाधव** पति श्री नंद कुमार जाधव, **सह-उधारकर्ता: श्री नंद कुमार जाधव** पिता श्री श्याम राव जाधव, **जमानतदार - श्री विजय कुमार सिंह** पिता श्री जगत नारायण सिंह, **शाखा- भिलाई, नंदिनी रोड (215800), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493** | **आवासीय फ्लैट** नंबर ए-503, चौथी मंजिल, टावर ए, राजमहल ग्रीन टाउन, ढांचा हाउसिंग बोर्ड के पास, खसरा नं 74/1, 74/2, प. ह नं 13/18, **मौजा- जामुल,** आरएनएम दुर्ग-2, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ. ग) में **क्षेत्रफल : निर्मित क्षेत्र - 750 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती प्रीति जाधव पति श्री नंद कुमार जाधव. सीमाएं- उत्तर: आसमान की ओर खुला, दक्षिण: फ्लैट नंबर 504, पूर्व: आसमान की ओर खुला, पश्चिम: फ्लैट नंबर 501. भौगोलिक निर्देशांक: 21.245368,81.371444 | 1) 04-07-2019<br>2) रू 20,77,025.62 + दिनांक 30-06-2019 से ब्याज प्रभावी<br>3) 25-10-19 को सांकेतिक कब्जा | रू 16.57 लाख<br>रू 1.65 लाख |
| 2 | **उधारकर्ता: श्रीमती स्नेहलता जैन** पति श्री संजय कुमार जैन, **सह-उधारकर्ता: सुश्री श्रेया जैन** पिता श्री संजय कुमार जैन, **शाखा – दुर्ग (079610) ,संपर्क :वसूली अधिकारी- श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493** | **आवासीय फ्लैट** नंबर: 407, चौथी मंजिल, ब्लॉक-ए, वंदे मातरम् अपार्टमेंट, **स्मृति नगर,** वार्ड नंबर 02, जुनवानी, भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग., **क्षेत्रफल: 900 वर्ग फीट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक: श्रीमती स्नेहलता जैन पति श्री संजय कुमार जैन.सीमाएं: उत्तर – विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण – फ्लैट नं. 406, पूर्व – फ्लैट नं. 408, पश्चिम – विक्रेता की शेष भूमि. भौगोलिक निर्देशांक: 21.213606, 81.324970 | 1) 06-09-2022<br>2) रू 31,57,523.12 + दिनांक 06-09-2022 से ब्याज प्रभावी<br>3) 08-01-25 को भौतिक कब्जा | रू 25.37 लाख<br>रू 2.53 लाख |
| 3 | **उधारकर्ता: मेसर्स पंकज इंटरनेशनल, प्रोप.- श्री सतीश शर्मा** पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा, **जमानतदार - श्रीमती रेखा शर्मा** पति श्री कमलेश कुमार शर्मा, **श्री कमलेश शर्मा** पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा एवं **श्रीमती आशा शर्मा** पति श्री सतीश शर्मा, **शाखा- जयस्तंभ चौक, रायपुर (039900), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री पवन कश्यप, 9770780508** | **संपत्ति क्रमांक 1) परिवर्तित भूमि पर व्यावसायिक इकाई -** खसरा नंबर 748, प.ह नंबर-13, मौजा-अकलोडीह, **अकलोर्डीह,** जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन 490025 में **क्षेत्रफल: 47275 वर्ग फुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री सतीश शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा। सीमाएं- उत्तर: बंशी की भूमि, दक्षिण: भिलाई ग्रामोद्योग उत्थान, पूर्व: जार्वे खार, पश्चिम: नाला; भौगोलिक निर्देशांक: 21.241612, 81.423503<br>**संपत्ति क्रमांक 2) आवासीय मकान -** प्लॉट नंबर ए-3(3), प.ह नंबर 103, सेक्टर-1, शहीद भगत सिंह वार्ड नंबर 13, उदय सोसायटी, टाटीबंध, उदय सहकारी गृह निर्माण समिति के अंतर्गत, **टाटीबंध,** रायपुर, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन 492001 में **क्षेत्रफल: 4000 वर्ग फीट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्रीमती रेखा शर्मा पति श्री कमलेश शर्मा। सीमाएं- उत्तर: 30 फीट रोड, दक्षिण: प्लॉट नंबर ए-3 (10), पूर्व: प्लॉट नंबर ए-3 (4), पश्चिम: प्लॉट नंबर ए-3 (2); भौगोलिक निर्देशांक: 21.264375, 81.573670 | 1) 04.11.2020<br>2) रू 4,59,90,574.03 + दिनांक 04.11.2020 से ब्याज प्रभावी<br>3) 24.09.24 को भौतिक कब्जा (व्यावसायिक इकाई के लिए) एवं 09.09.21 को सांकेतिक कब्जा (आवासीय मकान के लिए) | रू 186.30 लाख<br>रू 18.63 लाख (संपत्ति 1 के लिए)<br>रू 118.80 लाख<br>रू 11.88 लाख (संपत्ति 2 के लिए) |
| 4 | **उधारकर्ता-1) श्रीमती ममता शर्मा** पति श्री आर. के. शर्मा, **उधारकर्ता- 2) मेसर्स आई केमिस्ट प्रोप.- उर्वी शर्मा** एवं **जमानतदार: श्रीमती ममता शर्मा** पति स्व. आर. के शर्मा, **शाखा: पंडरी, रायपुर 152250, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्रीमती दुर्गावती कुमारी, 7632986606** | **आवासीय मकान -** प्लाट नंबर 209, खसरा नंबर 376/1 का भाग, म्युटेशन के बाद पुनः क्रमांकित खसरा नंबर 376/115, प.ह. नंबर 104/57, कुशल गृह निर्माण सहकारी समिति, **मौजा-रायपुरा,** आरआईसी- रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) में **क्षेत्रफल -5575 वर्गफीट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती ममता बाजपेयी पिता श्री के.एन. बाजपेयी. सीमाएँ- उत्तर: प्लॉट नं 210, दक्षिण: प्लॉट नं 208, पूर्व: सड़क, पश्चिम: अग्रोहा सोसाइटी;भौगोलिक निर्देशांक: 21.231636, 81.598893 . **नोट: उधारकर्ता-1 के लिए:-** *यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खाते में भी बंधक है : 1) मेसर्स आई केमिस्ट, प्रोपराइटर - उर्वी शर्मा का नगद ऋण खाता क्रमांक - 1525208700000448 एवं सावधि ऋण खाता क्रमांक 152520CN00000022, इन खातों में कुल बकाया राशि रु. 65,62,850.34 (रुपये पैंसठ लाख बासठ हजार आठ सौ पचास व चौंतीस पैसे मात्र) + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क. 2) उर्वी शर्मा एवं ममता शर्मा (सह-आवेदक) का ऋण खाता क्रमांक 152520ND00000030 का बकाया राशि रु 18,42,277.50 (रुपये अट्ठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सतहत्तर व पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क ।* ***नोट: उधारकर्ता-2 के लिए:-** *यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खाताओं, शाखा- पंडरी रायपुर (152520) में भी बंधक है : 1) ममता शर्मा का आवास ऋण खाता क्रमांक 152520NC00000402 में बकाया राशि रु. 31,43,025.66 (रूपये इकतीस लाख तिरालिस हजार पच्चीस व छियासठ पैसे मात्र) + दिनांक 31.07.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क. 2) उर्वी शर्मा एवं ममता शर्मा (सह-आवेदक) का ऋण खाता क्रमांक 152520ND00000030 का बकाया राशि रु. 18,42,277.50 (रूपये अट्ठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सतहत्तर व पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क।* | **उधारकर्ता-1 के लिए:**<br>1) 14.08.2024<br>2) रू 31,43,025.66 + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज प्रभावी<br>3) 18.06.26 को भौतिक कब्जा<br>**उधारकर्ता-2 के लिए:**<br>1) 14.08.2024<br>2) रू 65,62,850.34 + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज प्रभावी<br>3) 18.06.26 को भौतिक कब्जा | रू 235.00 लाख<br>रू 23.50 लाख |
| 5 | **उधारकर्ता- श्री नसरीन खान, सह-उधारकर्ता- श्री फैशल खान एवं श्री हैदर अली खान. शाखा: अभनपुर- 738800. संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725** | **आवासीय मकान -** प्लॉट नंबर 399, द पार्क ग्रीन्स, फेस II,मोहन ढाबा के पीछे, खसरा नं 209/107, प. ह नं 23, मौजा उरला, एनएच 30 के पास, मिनी माता वार्ड क्रमांक 11, तहसील-**अभनपुर,** जिला - रायपुर, (छ.ग) में **क्षेत्रफल - 3200 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक -श्रीमती नसरीन खान पति श्रीनवाब खान। सीमाएँ-उत्तर: सड़क, दक्षिण: प्लॉट नं 370, पूर्व:प्लॉट नं398, पश्चिम: प्लॉट नं 400. भौगोलिक निर्देशांक - 21.065837, 81.760553 | 1) 07-06-2023<br>2) रू 36,32,763.80 + दिनांक 01-05-2023 से ब्याज प्रभावी<br>3) 21-10-23 को सांकेतिक कब्जा | रू 26.37 लाख<br>रू 2.63 लाख |
| 6 | **उधारकर्ता: मेसर्स तनिष्क एंटरप्राइजेज, प्रो. श्रीमती दीप्ति बनर्जी** पति श्री जयदीप बनर्जी, **जमानतदार - श्री जयदीप बनर्जी** पिता श्री टी.एन. बनर्जी **शाखा- तात्यापारा, रायपुर (768500), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725** | **आवासीय प्लॉट**- खसरा नंबर 1528/1 (भाग), प.ह नं नंबर- 16, **ग्राम- बकतरा,** तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर में **क्षेत्रफल: 5850 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती दीप्ति बनर्जी, सीमाएँ - उत्तर: अंखंड प्रताप की भूमि, दक्षिण: डॉ. विजय लक्ष्मी की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: पेंटर की भूमि; भौगोलिक निर्देशांक: 21.077160,81.743842 | 1) 13-08-2018<br>2) रू 34,65,529.64 + दिनांक 01-07-2018 से ब्याज प्रभावी<br>3) 07-02-19 को सांकेतिक कब्जा | रू 12.52 लाख<br>रू 1.25 लाख |
| 7 | **उधारकर्ता - मेसर्स जीसीसी फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक (ओ) - श्री योगेश कुमार गोयल, श्री सुरेश कुमार गोयल व सुश्री सरिता गोयल एवं जमानतदारों- श्री रमन गोयल, श्रीमती मोनिका गोयल एवं श्रीमती कौशल्या गोयल, शाखा-पंडरी (रायपुर) - 152520, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्रीमती दुर्गावती कुमारी, 7632986606** | **संपत्ति क्रमांक 1) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नंबर सी-08, प्रथम तल, वृन्दावन गार्डन, खसरा नं 728/1-2-3, 731/3-4 (भाग), **क्षेत्रफल - 1280 वर्गफुट** प ह नं 109, मौजा- **दलदल सिवनी,** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 26, आरएनएम रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर मालिकाना हक - श्री रमन गोयल। सीमाएँ - उत्तर: खुला क्षेत्र, दक्षिण: गलियारा, पूर्वः खुला क्षेत्र, पश्चिम: फ्लैट सी-07। भौगोलिक निर्देशांक - 21.278604, 81.676943 | 1) 02-02-2023<br>2) रू 4,44,89,975.25 + दिनांक 31-01-2023 से ब्याज प्रभावी<br>3) 10-02-26 को भौतिक कब्जा | रू 34.83 लाख<br>रू 3.48 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 2) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नंबर ई-405, चौथी मंजिल, वृन्दावन गार्डन, खसरा नं 728/1-2-3, 731/3-4 (भाग), **क्षेत्रफल - 1257.41 वर्गफुट,** प. ह नं 109, मौजा- **दलदल सिवनी,** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 26, आरएनएम रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर (छ.ग), मालिकाना हक - मेसर्स जीसीसी फूड इंडस्ट्रीज. सीमाएँ- उत्तर : खुला क्षेत्र, दक्षिण: गलियारा, पूर्व: खुला क्षेत्र, पश्चिम: फ्लैट नंबर सी-07। भौगोलिक निर्देशांक - 21.278604, 81.676943 | | रू 34.02 लाख<br>रू 3.40 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 3) फैक्टरी एवं भूमि -** खसरा नं 195/13-14, 247/2, 250/2-3-5, 256 (भाग), **क्षेत्रफल - 14114 वर्गफुट,** प.ह नं. 102/31, ग्राम - बाना, तेंदुआ रोड, प्राइम इस्पात के पास, आरएनएम-धरसीवा, मेसर्स जीसीसी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संपत्ति, मालिकाना हक - श्री सुरेश कुमार गोयल। सीमाएँ - उत्तर: शकुन निषाद की भूमि, दक्षिण: सड़क (हीरापुर से उरला), पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: जीसीसी मिनरल वाटर प्राइवेट लिमिटेड की भूमि। भौगोलिक निर्देशांक - 21.315703, 81.557021 ***( संपत्ति क्रमांक 3 एवं 4 दोनों साथ में बेचीं जायेगी)** | | रू 114.32 लाख<br>रू 11.43 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 4) प्लांट एवं मशीनरी -** खसरा नं 195/13-14, 247/2, 250/2-3-5, 256 (भाग), प.ह नं. 102/31, ग्राम - बाना, तेंदुआ रोड, प्राइम इस्पात के पास, आरएनएम- धरसीवा, मेसर्स जीसीसी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संपत्ति, मालिकाना हक - श्री सुरेश कुमार गोयल। भौगोलिक निर्देशांक - 21.315703, 81.557021 ***( संपत्ति क्रमांक 3 एवं 4 दोनों साथ में बेचीं जायेगी), *नोट: एस.ए. क्र. 790/2023 संपत्ति के संबंध में लंबित हैं।** | | रू 52.16 लाख<br>रू 5.21 लाख |
| 8 | **उधारकर्ता-श्री ब्रम्हानंद झा, सह-उधारकर्ता- श्रीमती रजनी झा शाखा- तेलीबांधा, रायपुर 611400, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068** | **आवासीय भूमि एवं भवन-** एमआईजी - II/181, प. ह नं- 107/37, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड योजना, फेस- II, कबीर नगर, मौजा- सोनडोंगरी, तिरंगा चौक, **टाटीबंध,** राम कृष्ण पहंस वार्ड नं. 02, आरआईसी-रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) मे **क्षेत्रफल- 968.40 वर्गफीट** पर स्तिथ संपत्ति। मालिकाना हक - श्री ब्रह्मानंद झा, सीमाएँ-उत्तर: एमआईजी II/182, दक्षिण: एमआईजी II/180, पूर्व: एमआईजी, एसटीडी, पश्चिम: सड़क, भौगोलिक निर्देशांक - 21.0558383, 81.7538683 | 1) 01-07-2021<br>2) रू 27,18,292.26/- + दिनांक 31-03-2021 से ब्याज प्रभावी<br>3) 05.05.26 को भौतिक कब्जा | रू 23.25 लाख<br>रू 2.33 लाख |
| 9 | **उधारकर्ता- मेसर्स ओम श्री फूड्स, प्रोप.- श्री स्नेहिल गोयल** पिता श्री संजीव कुमार अग्रवाल, **शाखा - तेलीबांधा, रायपुर-611400, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068** | **व्यवसायिक प्लाट** - खसरा 519 एवं 520, प.ह. नंबर 31,प.ह. नंबर 26/48 , ग्राम- केशला, आरएनएम **खरोरा,** तहसील-तिल्दा, जिला- रायपुर छ.ग. में **क्षेत्रफल - 0.486 हेक्टेयर (52312.60 वर्गफुट)** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्री स्नेहिल गोयल पिता श्री संजीव कुमार अग्रवाल, सीमाएँ - उत्तर: धारसा रोड एवं कृषि उपज मंडी की भूमि, दक्षिण: कृष्णा देवांगन की भूमि, पूर्व: धारसा रोड एवं कृषि उपज मंडी की भूमि, पश्चिम: हर्ष गोयल की भूमि। भौगोलिक निर्देशांक - 21.393303,81.931549 | 1) 11.05.2021<br>2) रू 3,38,59,920.00 + दिनांक 31.03.2021 से ब्याज प्रभावी<br>3) 09.09.21 को भौतिक कब्जा | रू 144.06 लाख<br>रू 14.40 लाख |
| 10 | **उधारकर्ता - मेसर्स श्री कृष्णा सुपर बाजार, प्रो.- श्री योगेश कुमार गोयल, जमानतदार एवं बंधककर्ता - श्री रमन गोयल व श्रीमती मोनिका गोयल. शाखा - तेलीबांधा, रायपुर (611400), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068** | **व्यावसायिक दुखान -** खसरा नं 625/4-7, 625/11, ब्लॉक-ए, भूतल, श्री कृष्णा अपार्टमेंट, एलआईसी कॉलोनी रोड, मोवा, भीमराव अंबेडकर वार्ड नंबर 27 के पास, प.ह नंबर 109, आरएनएम - रायपुर 1, तहसील व जिला - रायपुर में **क्षेत्रफल- 1457 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री रमन गोयल। सीमाएं: उत्तर- मार्ग, दक्षिण- खुला क्षेत्र, पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम- डी ब्लॉक व पार्किंग। भौगोलिक निर्देशांक- 21.238987,81.643970. | 1) 18-06-2022<br>2) रू 1,33,64,905.00 + दिनांक 18-06-2022 से ब्याज प्रभावी<br>3) 23-10-25 को भौतिक कब्जा | रू 28.32 लाख<br>रू 2.83 लाख |
| 11 | **उधारकर्ता- मेसर्स अथर्व स्टील, पार्टनर्स- 1) श्री रामकिशोर मोदी 2) श्रीमती राखी मोदी, जमानतदारों - 1) श्री रामकिशोर मोदी , 2) श्रीमती राखी मोदी, 3) मेसर्स अनिका एसोसिएट्स, शाखा - टाटीबंध, रायपुर 143410, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068** | **संपत्ति क्रमांक 1) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नंबर 103, अनिका हाइट्स, खसरा नंबर 730/15 का भाग, प. ह नं 63, मौजा **शंकर नगर (खम्हारडीह),** महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 28, आरएनएम रायपुर 1, रायपुर में **क्षेत्रफल: 1291 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया)** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - मेसर्स अनिका एसोसिएट्स, प्रो. रामकिशोर मोदी। सीमाएं- उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: फ्लैट 104, पूर्व: लिफ्ट, पश्चिम: खुली जगह. भौगोलिक निर्देशांक - 21.251551,81.674828 | 1) 06-09-2023<br>2) रू 2,11,71,894.38 + दिनांक 06-09-2023 से ब्याज प्रभावी<br>3) 24-11-23 को सांकेतिक कब्जा | रू 31.33 लाख<br>रू 3.13लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 2) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नंबर 201, अनिका हाइट्स, खसरा नंबर 730/15 का भाग, प. ह नं 63, मौजा **शंकर नगर (खम्हारडीह),** महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 28, आरएनएम रायपुर 1, रायपुर में **क्षेत्रफल: 1291 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया)** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - मेसर्स अनिका एसोसिएट्स, प्रो. रामकिशोर मोदी। सीमाएं- उत्तर: फ्लैट नं 202, दक्षिण: खुली जगह, पूर्व: लॉबी एवं फ्लैट नं 204, पश्चिम: खुली जगह. भौगोलिक निर्देशांक - 21.251551,81.674828. | | रू 30.45 लाख<br>रू 3.04 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 3) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नंबर 203, अनिका हाइट्स, खसरा नंबर 730/15 का भाग, प. ह नं 63, मौजा **शंकर नगर (खम्हारडीह),** महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 28, आरएनएम रायपुर 1, रायपुर में **क्षेत्रफल: 1291 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया)** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - मेसर्स अनिका एसोसिएट्स, प्रो. रामकिशोर मोदी। सीमाएं- उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: फ्लैट नं 204, पूर्व: लिफ्ट, पश्चिम: खुली जगह. भौगोलिक निर्देशांक - 21.251551,81.674828 | | रू 30.45 लाख<br>रू 3.04 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 4) आवासीय फ्लैट -** फ्लैट नं. 403, अनिका हाइट्स, खसरा नं. 730/15 का भाग, प. ह नं 63, मौजा **शंकर नगर (खम्हारडीह),** महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्र. 28, आरएनएम रायपुर 1, रायपुर में **क्षेत्रफल: 1291 वर्गफीट (सुपर बिल्ट अप एरिया)** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - मेसर्स अनिका एसोसिएट्स, प्रो. रामकिशोर मोदी। सीमाएं- उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: फ्लैट नं 404, पूर्व: लिफ्ट, पश्चिम: खुली जगह. भौगोलिक निर्देशांक - 21.251551,81.674828, ***नोट: एस.ए. क्र. 215/2024 संपत्ति के संबंध में लंबित हैं।** | | रू 30.01 लाख<br>रू 3.00 लाख |
| | **संख्या क्रमांक 12 से 16 के लिए: ई-नीलामी तिथि- 04/08/2026 एवं समय- सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक** | | | |
| 12 | **उधारकर्ता- मेसर्स महादेवा इन्फोटेक एंड आईटी सॉल्यूशंस, प्रोप.- श्रीमती स्वाति साहू** पति श्री लोचन कुमार साहू, **शाखा - भिलाई कैंप- 219410, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493** | **आवासीय खुली भूमि-** खसरा नंबर 855/10, प.ह. नंबर 02, ग्राम- सिरसाकला, चरोदा, तहसील-पाटन, जिला- दुर्ग, छ.ग. में **क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती स्वाति कुमारी पति श्री लोचन कुमार साहू। सीमाएं: उत्तर- खसरा नं. 823/2, दक्षिण- खसरा नं. 855/2, पूर्व- खसरा नं. 856, पश्चिम- 25 फीट रोड, भौगोलिक निर्देशांक - 21.194888, 81.451067 | 1) 29.01.2025<br>2) रू 36,22,513.38 + दिनांक 29.01.2025 से ब्याज प्रभावी<br>3) 07.08.25 को सांकेतिक कब्जा | रू 15.30 लाख<br>रू 1.53 लाख |
| 13 | **उधारकर्ता- मोहम्मद मुजाहिद रज़ा** पिता श्री मौलाना बशीर, **सह-उधारकर्ता: श्रीमती राबिया कौसर** पति श्री मौलाना बशीर, **शाखा - देवेंद्र नगर, रायपुर- 748400, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725** | **आवासीय भूमि एवं मकान-** खसरा नंबर 425/7 (भाग), नामांतरण के बाद नया खसरा नंबर 425/33, प.ह नं 105/47, **बोरियाखुर्द,** वार्ड क्रमांक 52, रायपुर-1, रायपुर, छ.ग. में **क्षेत्रफल: 1500 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक: मोहम्मद मुजाहिद रज़ा पिता श्री मौलाना बशीर. सीमाएं- उत्तर: सड़क, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: सड़क; भौगोलिक निर्देशांक: 21.194049, 81.635828, ***नोट: एस.ए. क्र. 29/2025 संपत्ति के संबंध में लंबित हैं।** | 1) 18.11.2023<br>2) रू 33,12,147.04 + दिनांक 18.11.2023 से ब्याज प्रभावी<br>3) 11.03.24 को सांकेतिक कब्जा | रू 33.39 लाख<br>रू 3.34 लाख |
| 14 | **उधारकर्ता- मेसर्स प्राइम कॉर्पोरेशन, प्रो.- मो. शब्बीर अहमद** पिता श्री अब्दुल शकूर, **जमानतदार- श्रीमती रूबीना कौसर** पति श्री मोहम्मद शब्बीर, पता: गोल बाजार उस्मानिया बाड़ा, वार्ड नंबर 13, धमतरी (छ.ग) 493773. **शाखा: श्याम नगर, रायपुर 975600. संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725** | **आवासीय मकान -** प्लॉट नंबर 65, 107/3,108, शीट नंबर 31बी, प.ह.नं16, मोटर स्टैंड वार्ड नंबर 29, आरआईसी धमतरी, **बनियापारा, धमतरी** (छ.ग) में **क्षेत्रफल - 990.29 वर्गफुट** पर स्थित नजूल संपत्ति पर निर्मित आवासीय मकान, मालिकाना हक- मोहम्मद शब्बीर अहमद पिता अब्दुल शकूर। सीमाएं:- उत्तर- लतीफ की भूमि, दक्षिण- गली, पूर्व- लतीफ एवं मुन्नू बाई का मकान, पश्चिम- तारा बाई का मकान. भौगोलिक निर्देशांक: 20.707852, 81.548663 | 1) 10-04-2024<br>2) रू 31,71,534.30 + दिनांक 31.03.2024 से ब्याज प्रभावी<br>3) 07-09-24 को सांकेतिक कब्जा | रू 30.77 लाख<br>रू 3.08 लाख |
| 15 | **उधारकर्ता- श्री अश्लेष भाई वडालिया** पिता स्वर्गीय जयंती भाई वडालिया, **स्वर्गीय श्रीमती पूजा वडालिया** पति श्री अश्लेष भाई वडालिया **कानूनी उत्तराधिकारी श्री के माध्यम से चाहत वडालिया** पिता अश्लेष भाई वडालिया एवं **कानूनी उत्तराधिकारी सुश्री मानसी वडालिया** पिता अश्लेष भाई वडालिया (बंधककर्ता) **शाखा: पंडरी 296600, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्रीमती दुर्गावती कुमारी, 7632986606** | **आवासीय मकान** - प्लॉट नंबर 55, खसरा नंबर 166/1 (पुनः क्रमांकित 15016/289) का भाग, प.ह नंबर 44, अविनाश कैपिटल होम्स -2, **ग्राम सड्डू,** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड संख्या 26, आरएनएम- रायपुर-7, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) में **क्षेत्रफल: 1212 वर्गफुट या 112.59 वर्गमीटर** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- स्व. श्रीमती पूजा वदालिया (पंजीकृत विक्रय विलेख, बुक संख्या ए-1, खंड संख्या 71933, पृष्ठ संख्या 21 से 40, क्रमांक 5047 (मुख्यालय), दिनांक 06.10.2016)। सीमाएँ: उत्तर- प्लॉट नंबर 54, दक्षिण- चारदीवारी, पूर्व- कॉलोनी रोड पश्चिम- विक्रेता की भूमि। भौगोलिक निर्देशांक: 20.707852, 81.548663 | 1) 16-12-2025<br>2) रू 29,30,312.91 + दिनांक 30.11.2025 से ब्याज प्रभावी<br>3) 16-04-26 को सांकेतिक कब्जा | रू 57.80 लाख<br>रू 5.78 लाख |
| 16 | **उधारकर्ता -मेसर्स एसबीए इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन, प्रोप.- श्री दिवाकर एम. रोजिंदर, , जमानतदार - श्रीमती मंजूषा रोजिंदर, शाखा: स्टेशन रोड, दुर्ग- 079610, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493** | **संपति क्रमांक 1) इंडस्ट्रियल प्लॉट -** सामयिक बंधक लीज होल्ड प्लॉट के साथ भवन / शेड कंस्ट्रक्शन स्थित शेड नं 6 ग्राम जामुल, तहसील एवं जिला: दुर्ग - 490026, **क्षेत्रफल - 12782 वर्गफीट।** मालिकाना हक- श्री डी.एम. रोजिन्दर पिता स्व. एम.आर. रोजिंदर। सीमाएँ - उत्तर: प्लॉट नंबर 05, दक्षिण: प्लॉट नंबर 07, पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर 03, भौगोलिक निर्देशांक - 21.230518, 81.37792 | 1) 18-06-2014<br>2) रू 1,74,01,236.00 + दिनांक 18-06-2014 से ब्याज प्रभावी<br>3) 11-12-25 को भौतिक कब्जा | रू 73.34 लाख<br>रू 7.33 लाख |
| | | **संपत्ति क्रमांक 2) प्लांट एवं मशीनरी :** दृष्टिबंधक रखा प्लांट एवं मशीनरी स्थित ग्राम- जामुल तहसील/जिला: दुर्ग (छ.ग.)<br>***नोट: एस.ए. क्र. 52/2021 एवं आर.सी. 586/2020 संपत्ति के संबंध में लंबित हैं।** | | रू 43.20 लाख<br>रू 4.32 लाख |

**अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : श्री रघुबंश नारायण सिंह- 8789388472 - एआरएमबी, रायपुर, दूरभाष क्र. - 0771-2210433/35**

**नोट:- 1) कृपया अमानत राशि जमा करने से पूर्व प्रॉपर्टी से जुड़े सभी दस्तावेजों की पड़ताल सुनिश्चित करें**
**2) उपरोक्त सभी अचल संपत्तियों से संबंधित सभी सरकारी कार्यालयों का लंबित बकाया (संपत्ति, पानी, बिजली आदि) खर्च क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा**

**महत्वपूर्ण नोट:- 1.** नीलामी बिक्री "ई-नीलामी" पोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन होगी. **2.** इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी का उपयोग करके पोर्टल **(https://baanknet.com)** पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, उनसे अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार जब केवाईसी दस्तावेज ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित हो जाते हैं ( जिसमे 2 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को **संख्या क्र. 1 से 11 के लिए ई-नीलामी तिथि- 17/07/2026 एवं संख्या क्र. 12 से 16 के लिए ई-नीलामी तिथि- 04/08/2026 व समय सुबह 11.00 बजे** से पहले पोर्टल पर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाइन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि हस्तांतरित करनी होगी। पंजीकरण, केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी का हस्तांतरण नीलामी की तारीख से पहले ही पूरा किया जाना चाहिए। नियम और शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों व शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:- **1.** संपत्तियों को **"जैसा है जहां है" और "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है। **2.** यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। **3.** संपत्ति की बिक्री **संख्या क्र. 1 से 11 के लिए ई-नीलामी तिथि- 17/07/2026 एवं संख्या क्र. 12 से 16 के लिए ई-नीलामी तिथि- 04/08/2026 व समय सुबह 11.00 बजे** वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnbindia.in** देखें .इस नीलामी के अंग्रजी में जानकारी के लिए The Times of India दिनांक 24.06.2026 में प्रकाशित समाचार पत्र देखें। किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा.

**नोट:-** इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई-डी व पासवर्ड स्वंय बानाना हैं। जिसे बनाने में न्युनतम 2 दिन का समय लगता हं। अतः बोलीकर्ता से निवेदन हं कि यूजर आई-डी अंतिम तिथी से पूर्व ही बना ले।

दिनांक: 24.06.2026, स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार

Divisa



" अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती। "

मोर्निंग होगी मस्त
क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त

Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar

पेट सफा... तो हर रोग दफा

24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores

Dr. Juneja's पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets




# सेक्रेटरी बर्ड को देखते ही कांपने लगते हैं सांप, पंजे से वार कर ले लेती है जान

एजेंसी ⏭ इथोपियिया

आपने नेवले और सांप की लड़ाई के कई किस्से सुने होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा पक्षी भी है जो सांपों के लिए मौत का पर्याय है? इसका नाम है सेक्रेटरी बर्ड। यह पक्षी अफ्रीका के विशाल सवाना क्षेत्रों में रहता है और जहरीले सांपों का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाता है। सेक्रेटरी बर्ड लंबी टांगों वाला, गरुड़ जैसा दिखने वाला शिकारी पक्षी है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह उड़ने की बजाय ज्यादातर जमीन पर चलकर शिकार करता है। जब इसे सांप दिखता है तो यह पंख फैलाकर सांप को भड़काता है। सांप जैसे ही फन फैलाता है, सेक्रेटरी बर्ड अपनी तेज और ताकतवर लात से हमला कर देता है।





## एक लात में काम तमाम

इसकी लात इतनी शक्तिशाली होती है कि सांप का सिर एक ही वार में कुचल जाता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसकी लात का दबाव 5 गुना ज्यादा होता है ,जितना जरूरी होता है सांप के खोपड़ी को तोड़ने के लिए। यह इतना सटीक और तेज हमला करता है कि सांप को फन फैलाने या काटने का मौका ही नहीं मिलता। सेक्रेटरी बर्ड मुख्य रूप से जहरीले सांपों को ही निशाना बनाता है। कोबरा, वाइपर और अन्य जहरीले सांप इसके पसंदीदा शिकार हैं।

## क्यों मिला सेक्रेटरी नाम?

इस पक्षी का नाम 'सेक्रेटरी' इसलिए पड़ा, क्योंकि इसके सिर पर पंखों का गुच्छा होता है जो पुराने जमाने के सेक्रेटरी के सिर पर लगने वाले पेन की तरह दिखता है। यह लंबा-चौड़ा, करीब 1.3 मीटर ऊंचा और 4 किलो तक वजन वाला होता है। इसकी टांगें इतनी मजबूत होती हैं कि यह छोटे जानवरों और सांपों को आसानी से मार सकता है। सांप के शिकार करने के लिए ये खास ट्रिक अपनाता है।

● रोचक खबरें



# जेब से पैसे लगा नदी की करवाई सफाई तारीफ की जगह मिली दो साल की जेल!

**लंदन।** एक तरफ दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को लेकर जागरुकता फैलाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ यूके में एक पर्यावरण प्रेमी वकील के साथ ऐसा मामला हुआ है, जिसे पढ़कर किसी का भी गुस्सा आ सकता है। पॉल पॉवलेस्लैंड नाम के एक बैरिस्टर (वकील) ने नदी को साफ करने के लिए अपनी जेब से पैसे खर्च किए। सैकड़ों थैली कचरा निकाला, लेकिन इसके एवज में उन्हें 2 साल की जेल की सजा का खतरा मोल लेना पड़ रहा है। पॉल पॉवलेस्लैंड 'रिवर रोडिंग ट्रस्ट' नामक संगठन चलाते हैं। पूर्वी लंदन के बार्किंग इलाके में अल्डर्स ब्रुक नदी (रिवर रोडिंग की सहायक नदी) सालों से भारी प्रदूषण का शिकार थी। कचरा, सिल्ट, प्लास्टिक, सुईयां, घरेलू सामान और यहां तक कि हथियार भी नदी में फेंके जा रहे थे। नदी लगभग मर चुकी थी। पॉल ने बार-बार एनवायरनमेंट एजेंसी (सरकारी पर्यावरण एजेंसी) से सफाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार उन्होंने इसकी सफाई खुद करने का फैसला लिया। लेकिन, उन्हें तारीफ की जगह सजा दे दी गई। फरवरी-मार्च 2026 में उन्होंने 10 दिनों तक वॉलंटियर्स की टीम के साथ नदी की सफाई का अभियान चलाया. अपनी जेब से डिगर मशीन के लिए 1000 पाउंड (करीब एक लाख 24 हजार रुपए) खर्च किए। टीम ने 200 थैली से ज्यादा कचरा, खर-पतवार और सिल्ट निकाला। करीब 250 मीटर लंबे हिस्से में पानी फिर से बहने लगा।

# भारत के इस गांव में पैदा होते हैं जुड़वां बच्चे, हर गली में दिखते हैं एक जैसे चेहरे

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई ऐसे रहस्यमयी जगह हैं, जिनके बारे में जानकर लोग हैरान रह जाते है। कहीं लोग बेहद लंबी उम्र तक जीते हैं, तो कहीं अजीब परंपराएं देखने को मिलती है। लेकिन, आज हम एक ऐसे गांव के बारे में बात करने जा रहे हैं, जहां सबसे ज्यादा चर्चा जुड़वा बच्चों को लेकर होती है। इस गांव में लगभग हर घर में जुड़वां बच्चे पैदा होते हैं। यही वजह है कि इसा गांव को ही 'जुड़वा बच्चों का गांव' या 'ट्विन्स विलेज' कहा जाता है। हम जिस गांव की बात कर रहे हैं, उसका नाम कोडिन्ही गांव की, जो केरल के मलप्पुरम जिले में स्थित है। यह गांव दुनियाभर में अपनी अनोखी पहचान बना चुका है। यहां अब तक 400 से ज्यादा जुड़वा बच्चे पैदा हो चुके है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि जहां दुनिया में हर 1000 बच्चों में लगभग 9 जुड़वा बच्चे जन्म लेते हैं, वहीं इस गांव में हर 1000 बच्चों में करीब 45 जुड़वा बच्चे पैदा होते है। यही वजह है कि यह गांव वैज्ञानिकों और रिसर्चर्स के लिए भी एक बड़ा रहस्य बना हुआ है।




## वैज्ञानिक भी नहीं खोज पाए कारण

इस रहस्य को समझने के लिए भारत ही नहीं, बल्कि लंदन और जर्मनी के वैज्ञानिकों ने भी रिसर्च की। साल 2016 में रिसर्चर्स की एक टीम गांव पहुंची और लोगों के डीएनए, बाल और स्लाइवा के सैंपल लिए गए। हालांकि, इतनी रिसर्च के बाद भी वैज्ञानिक यह पता नहीं लगा पाए कि आखिर इस गांव में इतने ज्यादा जुड़वा बच्चे क्यों पैदा होते है। कई बड़े-बड़े डॉक्टर कई सालों से इस विषय पर रिसर्च कर रहे है। उनका मानना है कि यह सिलसिला लगभग 60 से 70 साल पहले शुरू हुआ था और पिछले कुछ सालों में जुड़वा बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## गांव में हर तरफ दिखते हैं हमशक्ल लोग

अगर आप इस गांव में जाएंगे, तो आपको हर गली और हर स्कूल में जुड़वा बच्चे नजर आ जाएंगे। कई बार लोग एक-दूसरे को पहचानने में भी गलती कर बैठते है। गांव के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है- 'भगवान के जुड़वां गांव में आपका स्वागत है।' साल 2008 में पहली बार इस गांव की चर्चा दुनियाभर में हुई थी, जब यहां करीब 280 जुड़वा बच्चों की सूची सामने आई थी। इसके बाद हर साल जुड़वा बच्चों की संख्या बढ़ती चली गई।



## स्कूल की दो बहनों ने खोला राज

दिलचस्प बात यह है कि गांव वालों को खुद भी लंबे समय तक इस अनोखी घटना का एहसास नहीं था। कुछ साल पहले गांव की दो जुड़वा बहनों समीरा और फेमिना ने अपने स्कूल में देखा कि उनकी क्लास में कई जुड़वा बच्चे है। जब उन्होंने बाकी क्लासों पर ध्यान दिया, तो पता चला कि पूरे स्कूल में कई जुड़वा जोड़े मौजूद है। इसके बाद उन्होंने अपने स्कूल प्रोजेक्ट में इसी विषय पर काम किया और तभी गांव के इस अनोखे रहस्य की चर्चा शुरू हुई। आज कोडिन्ही गांव को 'ट्विन टाउन' के नाम से भी जाना जाता है। यहां जुड़वा बच्चों और उनके परिवारों की मदद के लिए 'ट्विन्स एंड किन एसोसिएशन' नाम की संस्था भी बनाई गई है। यह संस्था परिवारों को सहायता देने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का काम भी करती है। आज यह गांव सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा रहस्य और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# अपने थूक से सोने से भी कीमती चीज बनाता है ये परिंदा!

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई ऐसी चीजें हैं, जिनकी कीमत सुनकर लोग हैरान रह जाते हैं। सोना, हीरा और दुर्लभ धातुओं के बारे में तो हम अक्सर सुनते हैं, लेकिन क्या आपने कभी किसी पक्षी के घोंसले के बारे में सुना है, जिसकी कीमत लाखों रुपए तक पहुंच जाती है? सुनने में यह अजीब लग सकता है,



लेकिन यह बिल्कुल सच है। स्विफ्टलेट नाम का एक छोटा सा पक्षी ऐसा घोंसला बनाता है, जिसे दुनिया के सबसे महंगे प्राकृतिक उत्पादों में गिना जाता है। स्विफ्टलेट आम तौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ देशों में पाया जाता है। देखने में यह कोई बहुत खास पक्षी नहीं लगता, लेकिन इसकी एक अनोखी आदत इसे बाकी पक्षियों से अलग बनाती है। जहां अधिकतर पक्षी अपने घोंसले बनाने के लिए सूखी टहनियां, घास, पत्तियां या दूसरे प्राकृतिक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, वहीं स्विफ्टलेट अपना घोंसला अपनी ही लार से तैयार करता है। जब घोंसला बनाने का समय आता है, तब यह पक्षी अपनी लार को बार-बार चट्टानों या गुफाओं की दीवारों पर छोड़ता है। धीरे-धीरे यह लार हवा के संपर्क में आकर सख्त होने लगती है और कई दिनों की मेहनत के बाद एक कटोरे जैसी आकृति का घोंसला तैयार हो जाता है। यही घोंसला बाद में दुनिया भर में काफी ऊंची कीमत पर बेचा जाता है। इन घोंसलों को इकट्ठा करना भी कोई आसान काम नहीं होता। स्विफ्टलेट अक्सर गहरी, अंधेरी और खतरनाक गुफाओं में अपने घोंसले बनाता है। कई बार ये घोंसले ऊंची चट्टानों या ऐसी जगहों पर होते हैं, जहां पहुंचना बेहद मुश्किल होता है। इन्हें निकालने वाले लोग रस्सियों और लकड़ी की सीढ़ियों की मदद से सैकड़ों फीट ऊंचाई तक चढ़ते हैं। जरा सी गलती उनकी जान के लिए खतरा बन सकती है। यही वजह है कि इन घोंसलों को जुटाने का काम काफी जोखिम भरा माना जाता है।1

# अल नीनो ने बढ़ाई चिंता तो एथेनॉल ने बढ़ाया दबाव, गन्ने पर मंडराया संकट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में इन दिनों अल नीनो का खतरा मंडरा रहा है, और वैज्ञानिक लगातार इसके असर पर नजर बनाए हुए है। मौसम में होने वाले इस बदलाव ने पहले ही कई देशों में तापमान, बारिश और और खेती को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। अब एक नई चिंता सामने आई है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि एल नीनो आने के कारण से गन्ने की पैदावार बड़ी मात्रा में प्रभावित हो सकती है, जिससे आने वाले महीनों में चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। अगर यह आशंका सच साबित होती है, तो इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है। प्रशांत महासागर में लगातार मजबूत हो रहे अल नीनो ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी है। ट्रेडर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर अल नीनो के कारण देश में गन्ने के उत्पादन पर असर पड़ता है, तो भारत आने वाले कई सालों तक ग्लोबल शुगर एक्सपोर्ट मार्केट से पूरी तरह बाहर हो सकता है। बता दें कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी निर्यातक देश है।




## कम बारिश से गन्ने की खेती होगी प्रभावित

अल नीनो एक ऐसी मौसमी घटना है जिसमें प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से ज्यादा गर्म उठता है। भले ही यह हलचल भारत से दूर होता है, लेकिन इसका सीधा असर भारत के दक्षिण-पश्चिम मानसून पर देखने को मिलता है। भारत में होने वाली कुल सालाना बारिश का करीब 75% हिस्सा इसी मानसून से आता है। गन्ने की फसल को पूरे सीजन में बहुत ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। अगर बारिश कम होती है, तो इससे गन्ने के पैदावर पर बड़ा असर देखने को मिल सकता है, जिससे देश का कुल चीनी उत्पादन कम हो जाएगा।

## घरेलू मांग से भी कम हो सकता है उत्पादन!

इंडस्ट्री के अनुमानों के अनुसार, इस सीजन में भारत का चीनी उत्पादन घरेलू मांग से भी कम रहने की आशंका है। इस साल चीनी का उत्पादन लगभग 2.79 करोड़ मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, वहीं देश में हर साल करीब 2.85 करोड़ मीट्रिक टन चीनी की खपत होती है। चीनी उत्पादन में यह कमी ऐसे समय में आ रही है जब भारत सरकार ने घरेलू बाजार में महंगाई को कंट्रोल में रखने के लिए चीनी एक्सपोर्ट पर 30 सितंबर 2026 तक पहले ही रोक लगा रखी है।

# फ्रिज की सिगरेट बनती जा रही है डाइट कोक!

**नई दिल्ली।** आजकल फिटनेस के प्रति जागरूक लोग नॉर्मल कोल्ड ड्रिंक की जगह डाइट कोक को तरजीह देते हैं। लोगों को लगता है कि इसमें जीरो शुगर और जीरो कैलोरी है, तो यह सेहत को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। लेकिन,क्या आपने कभी सोचा है कि बिना चीनी के भी लोग इसके इस कदर दीवाने क्यों हो जाते हैं? कई लोग तो दिन में कई बार इसे पीते हैं और चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते हैं। हालिया रिसर्च से पता चला है कि यह सिर्फ आपके स्वाद की बात नहीं है, बल्कि आपका दिमाग आपके साथ एक बहुत बड़ा खेल खेल रहा है।

जब हम कोई मीठी चीज खाते हैं तो हमारे शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी मिलती है। लेकिन, डाइट कोक के मामले में ऐसा नहीं होता है। जब आप इसे पीते हैं तो आपकी जीभ को मीठा स्वाद तो मिलता है, लेकिन शरीर को कोई कैलोरी नहीं मिलती। इस वजह से दिमाग का रिवॉर्ड सिस्टम भ्रमित हो जाता है।



## क्या है इसका 'फ्रिज सिगरेट' इफेक्ट

इंटरनेट पर आजकल डाइट कोक के लिए 'फ्रिज सिगरेट' शब्द का इस्तेमाल खूब हो रहा है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह सिगरेट जितनी जानलेवा है, बल्कि दोनों की आदत का तरीका एक जैसा है। जैसे सिगरेट पीने वाले लोग तनाव होने पर ब्रेक लेते हैं, वैसे ही डाइट कोक के शौकीन बार-बार बिना सोचे फ्रिज खोलते हैं। वे तनाव या खाली समय में इसे पीकर एक संतुष्टि महसूस करते हैं, जो उनके व्यवहार में शामिल हो जाती है।

PAINFUL KIDNEY STONES ?
WE OFFER PAINLESS & NON-INVASIVE TREATMENT
• URSL (Semirigid Ureteroscopy)
• Oral Medication
• ESWL (Extra corporeal Shock Wave Lithotripsy)
• Laser Kidney Stone Treatment
• PCNL (Per cutaneous Nephrolithotomy)
Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# दुनिया का सबसे अनोखा देश, बसा है दूसरे देश के 'पेट' में

**मासेरू।** अफ्रीका महाद्वीप में स्थित लेसोथो दुनिया के उन गिने-चुने देशों में से एक है ,जो पूरी तरह से दूसरे देश के घेराव में बसा हुआ है। इसे इन्क्लेव्ड कंट्री भी कहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के अंदर बसे लेसोथो को चारों तरफ से दक्षिण अफ्रीकी क्षेत्र घेरे हुए हैं। फिर भी यह एक स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र है। इस देश की अपनी अलग सरकार, राष्ट्रपति, संसद, झंडा, राष्ट्रीय गान, मुद्रा (लोती) और कानून व्यवस्था है। लेसोथो को 'द किंगडम इन द स्काई' भी कहा जाता है, क्योंकि यह पूरी तरह से 1400 मीटर से ज्यादा ऊंचाई पर बसा है।

लेसोथो का इतिहास 19वीं शताब्दी से जुड़ा है। उस समय बासोथो जनजाति के राजा मोशोशो प्रथम ने क्षेत्रीय युद्धों और यूरोपीय उपनिवेशवाद से बचने के लिए ब्रिटिश साम्राज्य की मदद ली थी। 1966 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने के बाद लेसोथो एक स्वतंत्र देश बना था। भले ही यह भौगोलिक रूप से दक्षिण अफ्रीका के अंदर है, लेकिन राजनीतिक रूप से पूरी तरह




स्वतंत्र है। लेसोथो के अलावा दुनिया में सिर्फ दो और पूर्ण रूप से दूसरे देश से घिरे हैं। इनमें से एक है वेटिकन सिटी जो इटली के अंदर है और दूसरा है सान मारिनो, जो भी इटली के ही अंदर है। लेसोथो इनमें सबसे बड़ा है। लेसोथो की सबसे खास बात है इसकी ऊंचाई। यहां की औसत ऊंचाई इतनी ज्यादा है कि इसे 'अफ्रीका का स्विट्जरलैंड' भी कहा जाता है। यहां के ज्यादातर लोग घोड़े पर सवार होकर घूमते हैं। सड़कें कम और पहाड़ी रास्ते ज्यादा हैं। बासोथो संस्कृति बहुत समृद्ध है। लोग पारंपरिक कंबल ओढ़ते हैं और मोहोले नामक अनोखी टोपी पहनते हैं। दक्षिण अफ्रीका का रैंड यहां भी चलता है, लेकिन आधिकारिक मुद्रा 'लोती' है। यहां के अपने पासपोर्ट, वीजा नियम और कानून हैं। लेसोथो के नागरिक दक्षिण अफ्रीका में बिना वीजा के घूम सकते हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच सीमा चौकियां हैं। बात अगर आर्थिक स्थिति की करें तो लेसोथो मुख्य रूप से कृषि, पशुपालन और डायमंड माइनिंग पर निर्भर है। यहां पानी बहुतायत में है, जिसे दक्षिण अफ्रीका को बेचा जाता है।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com